कोटद्वार, मंगलवार
24 सितम्बर 2024
वर्षः 46
अंकः 147 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोनः 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### धामी सरकार की निगम, निकाय, प्राधिकरण कर्मचारियों को सौगात

जयन्त प्रतिनिधि।

देहरादून : उत्तराखंड की पुष्कर धामी सरकार ने राज्य कर्मियों की भांति निगमों, निकायों, प्राधिकरण इत्यादि में कार्यरत कर्मियों को 1 जनवरी 2024 से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते का लाभ देने का निर्णय लिया है। राजकीय कर्मचारियों की भांति बढ़े हुए 4 प्रतिशत मंहगाई भत्ते का भुगतान निगमों, निकायों, प्राधिकरणों, पंचायतों, स्वायत्तशासी संस्थाओं व उपक्रमों में सेवारत् व सेवानिवृत्त कार्मिकों को दिनांक 01 जनवरी, 2024 से प्रदान किया जायेगा। पांचवें केन्द्रीय वेतनमान में आहरित कर रहे सार्वजनिक निकाय/ उपक्रमों के कर्मचारियों के लिये मंहगाई भत्ते का 01 जनवरी, 2024 से बढ़ी हुई दर पर भुगतान किया जाएगा।

### मां राजराजेश्वरी दिवारा यात्रा 26 को पहुंचेगी केदारनाथ धाम

रुद्रप्रयाग : केदारघाटी में 11 गांवों की आराध्य देवी मां राजराजेश्वरी की देवरा यात्रा 26 सितम्बर को केदारनाथ धाम पहुंचेगी। इसके लिए देवरा यात्रा समिति ने तैयारी पूरी कर ली है। इससे पहले मां की देवरा यात्रा रविग्राम से होते हुए मां नानतोली मन्दिर पहुंची। जहां भक्तों ने मां राजराजेश्वरी तालतोली का भव्य स्वागत किया। यहां राजराजेश्वरी का मां नानतोली देवी से मधुर मिलन हुआ। बीते 28 अगस्त से केदारघाटी के तालतोली की मां राजराजेश्वरी देवरा यात्रा पर है। मां की देवरा यात्रा नागजगई, पौल्ला, सुबदणी, कुनालिया, फेगू बरम्वाड़ी, सेमी, भैसारी, गुप्तकाशी, सांकरी, देवर, धारकुड़ा, रूद्रपुर, कुठेड़ा, देवसाल, जाखधार, बणसू, त्यूड़ी, खुमेरा, रविगांव, फाटा विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर चुकी है। मां राज राजेश्वरी तालतोली 40 दिनों की देवरा यात्रा के दौरान मां महिष मर्दिनी मन्दिर मैखण्डा, खड़िया, धानी गांव का भ्रमण करते हुए खाट गांव पहुंची। यहां भक्तों की कुशलक्षेम पूछने के बाद मां धार गांव होते हुए रविग्राम पहुंची। जबकि इसके बाद मां राजराजेश्वरी तालतोली पूजा अर्चना के बाद धार गांव होते हुए रविग्राम पहुंची। जहां पर भगवान भैरवनाथ मन्दिर में पहुंच भक्तों को आशीर्वाद दिया। (एजेंसी)

### देहरादून–हरिद्वार मैदानी शहरों में एक बार फिर बढ़ा तापमान, बारिश पर यह है उत्तराखंड का मौसम पूर्वानुमान

देहरादून। सितंबर महीने में बारिश के थमने के बाद तापमान में इजाफा होने लगा है। उत्तराखंड की राजधानी देहरादून, रुड़की, हरिद्वार, काशीपुर, रुद्रपुर, विकासनगर, ऋषिकेश आदि मैदानी शहरों में चटक धूप खिलने से मैदानी इलाकों में तापमान तेजी से बढ़ गया। देहरादून का तापमान सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा 35.4 डिग्री पहुंच गया। रात का पारा भी तीन डिग्री ज्यादा 23.6 डिग्री रहा। पंतनगर में तापमान 34.6, मुक्तेश्वर में 25, नई टिहरी 26.1 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि पहाड़ी जिलों में कहीं कहीं पर बहुत हल्की से हल्की बारिश एवं गर्जना की संभावना है। विदित हो कि पिछले दिनों की बारिश की वजह से यात्रियों को कई मुसीबतों का सामना करना पड़ा। हाईवे और सड़कों के बंद होने के बाद कई जगह यात्री फंस गए थे। मौसम विभाग के बारिश पर पूर्वानुमान के बाद पुलिस–प्रशासन भी सतर्क हो गया है। पर्वतीय जिलों के संवदेनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। दूसरी ओर, प्रदेश के मैदानी जिलों में मौसम शुष्क रहेगा।

### हरकी पैड़ी पर हुए 34 करोड़ के कार्यों पर होगी आयोग में सुनवाई

हरिद्वार। कुंभ मेले के दौरान हरकी पैड़ी और इसके आसपास किए गए 34 करोड़ रुपये के विकास कार्यों पर सवाल उठाए गए हैं। कल बुधवार को इस मामले में सूचना आयोग में सुनवाई होगी। इस मामले में राष्ट्रीय सूचना अधिकार जागृति मिशन के अध्यक्ष ने 60 लाख रुपये गबन का आरोप लगाकर शिकायत की है। 26 नवंबर वर्ष 2022 को रमेश चंद शर्मा ने भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर मुख्यमंत्री से शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि हरकी पैड़ी पर किए गए कार्यों की गुणवत्ता बेहद खराब है। यात्रियों के लिए लाइव गंगा आरती दिखाने के लिए स्क्रीन भी नहीं लगाई गई हैं, जो लाइटें लगाई थी वह खराब हो चुकी है।

# खिलाड़ियों में भ्रम फैलाने का काम कर रही है कांग्रेस-सीएम

देहरादूनः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में भाजपा सरकार ने बीते 10 वर्षों में हरियाणा के विकास को नई रफ्तार दी है। हरियाणा तेजी से विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हुआ है। 10 वर्षों की अवधि में भाजपा ने हरियाणा को भ्रष्टाचार से मुक्ति दिलाते हुए सुशासन की ओर कदम बढ़ाए हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव में कांग्रेस खिलाडियों में भ्रम फैलाने का काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ऐसे पहले प्रधानमंत्री हैं, जो हर समय खिलाडियों का हौसला बढ़ाते रहते हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरियाणा के पंचकूला में भाजपा प्रत्याशी ज्ञान चंद गुप्ता के समर्थन में विभिन्न जनसभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में हरियाणा की भाजपा सरकार ने गांव–गांव तक संचार सेवाओं को सुदृढ़ किया है। यहां एलिवेटेड रोड, फ्लाईओवर और अंडरपास का तेजी से निर्माण किया गया है। हरियाणा में दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे, दिल्ली–अमृतसर कटरा एक्सप्रेस वे, अंबाला–मंडी एक्सप्रेस कारीडोर, अमृतसर–भटिंडा–जामनगर एक्सप्रेस वे समेत कई एक्सप्रेस कारीडोर पर तेजी से कार्य चल रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में दो वंदे भारत ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इससे राज्य में संपर्क और सुगम हुआ है। भाजपा सरकार ने बीते 10 वर्षों में सैकड़ों गांवों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का काम किया है। प्रदेश के मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की सीटें बढ़ाने के साथ ही 15 मेडिकल कालेज भी बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा में खेल नर्सरी का निर्माण किया है, जिसमें प्रतिभावान युवा खिलाडियों को उनकी प्रतिभा के अनुकूल खेलों में आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रधानमंत्री स्वयं खिलाडियों का लगातार प्रोत्साहन करते हैं। जब खिलाड़ी खेलने जाते हैं तो उनका मनोबल बढ़ाते हैं। पदक जीतने पर हौसला अफजाई करते हैं और हारने पर भी उनका मनोबल बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्ष 2007 से लेकर 2014 तक हरियाणा को दल–दल में धकेलने का काम किया। उस दौर को कभी नहीं भुलाया जा सकता। अब कांग्रेस एक बार फिर प्रदेश को जातिवाद और भ्रष्टाचार के दल–दल में धकेलना चाहती है। उन्होंने सभी से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।



### चिन्यालीसौड़ में सड़क हादसे में बारह शिक्षक घायल, दो हायर सेंटर रेफर

उत्तरकाशी। सोमवार सुबह चिन्यालीसौड़ के बड़ी मणि जोगत मोटरमार्ग पर शिक्षकों को लेकर जा रहा एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में सवार 12 शिक्षक घायल हो गए। जिनमें से दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं और उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। जबकि अन्य सामान्य घायल हुए हैं। चार घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है, जबकि सीएचसी चिन्याली में भर्ती अन्य घायलों को छुट्टी दे दी गई है। पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह करीब सात बजे चालक देवेंद्र चौहान शिक्षकों को लेकर चिन्यालीसौड़ से गढ़वाल गाड़ जा रहा था। नागथली छोटी मणि के पास गढ़वाल गाड़ सड़क पर वाहन पलट गया। हादसे में सभी शिक्षक घायल हो गए। वाहन गिरने की सूचना पर राजस्व टीम, थाना चिन्यालीसौड़ से पुलिस टीम, 108 एम्बुलेंस, एसडीआरएफ रवाना हुई। चिन्यालीसौड़ सीएचसी के डॉ प्रवेश रांगड़ ने बताया कि हादसे में गंभीर घायल लोकेन्द्र पैन्यूली और संदीप थपलियाल को देहरादून रेफर किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तिरुपति लड्डू विवाद

# मामले की जांच के लिए खास समिति बनाने की मांग

नई दिल्ली। तिरुपति बालाजी मंदिर में लड्डू में चर्बी मिलाने का मामला तूल पकड़ रहा है। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के पूर्व अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी ने लड्डू प्रसादम बनाने के लिए घी में घटिया सामग्री और पशु वसा के आरोपों की जांच के लिए सेवानिवृत्त टॉप अदालत के न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक स्वतंत्र समिति के गठन के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। इससे पहले आंध्रप्रदेश के श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर (तिरुपति मंदिर) में लड्डूओं में जानवरों की चर्बी मामले की जांच के लिए कल विशेष जांच दल (रकळ) का गठन किया गया था। इसको लेकर सीएम चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि रकळ सरकार को एक रिपोर्ट सौंपेगी। इसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी, ताकि ऐसी चीजें दोबारा न हों।

**क्या था विवाद?**

यह विवाद बुधवार को तब शुरू हुआ जब आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने आरोप लगाया कि आंध्र प्रदेश के पूर्व



सीएम जगन मोहन रेड्डी ने लड्डू में घटिया सामग्री और पशु वसा के इस्तेमाल की अनुमति दी थी।अमरावती में एनडीए विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए नायडू ने दावा किया, 'यहां तक कि तिरुमाला के लड्डू भी घटिया सामग्री से बनाए गए थे, उन्होंने घी के बजाय पशु वसा का इस्तेमाल किया।'

**'अब शुद्ध घी का इस्तेमाल किया जा रहा है'**

मुख्यमंत्री ने आगे इस मामले में सफाई देते हुए कहा, 'अब शुद्ध घी का इस्तेमाल किया जा रहा है और मंदिर में हर चीज को साफ कर दिया गया है, जिससे गुणवत्ता में सुधार हुआ है।'

## तीनों सेनाओं में दिखेगा अनोखा संयोग

# अब सहपाठियों के हाथ में होगी थल, वायु और नौसेना की कमान

नई दिल्ली। देश की तीनों सेनाओं में एक अद्भुत संयोग बना है। इनकी कमान अब तीन सहपाठियों के हाथों में होगी। हाल ही में एयर मार्शल एपी सिंह को वायुसेना का प्रमुख नियुक्त किया गया है। भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी और एपी सिंह के बीच घनिष्ठ संबंध हैं।

वहीं नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने जनरल उपेंद्र द्विवेदी के साथ पढ़ाई की है। अब थलसेना, नौसेना और वायुसेना की कमान इन्हीं तीनों सहपाठियों के हाथ में होगी। खास बात यह है कि तीनों सेना प्रमुखों की नियुक्ति पिछले पांच महीनों के भीतर की गई है।

रीवा में पढ़े थल और नौसेना प्रमुख

एयर मार्शल अमरप्रीत सिंह (अढ) और भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 65वें कोर्स के सहपाठी हैं। दोनों सेना प्रमुख 1983 में वहीं से उत्तीर्ण हुए थे। इसके अलावा जनरल उपेंद्र द्विवेदी और भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने मध्य प्रदेश के रीवा स्थित सैनिक स्कूल से एक साथ पढ़ाई की।



**30 सितंबर को पदभार संभालेंगे एपी सिंह**

एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने इसी साल 30 अप्रैल को नौसेना प्रमुख का पदभार संभाला था। वहीं जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने 30 जून को अपना पदभार संभाला था। अगले वायु सेना प्रमुख के तौर पर एयर मार्शल एपी सिंह 30 सितंबर को पदभार ग्रहण करेंगे।

**बेहतर संबंधों का मिलेगा फायदा**

राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में मजबूत संबंधों के कारण जनरल उपेंद्र द्विवेदी, एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी और एयर मार्शल एपी सिंह बहुत अच्छे मित्र हैं। खास बात यह है कि इससे तीनों सेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाने में मदद मिलेगी।

**थिएटर कमांड पर चल रहा काम**

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के नेतृत्व में सैन्य मामलों का विभाग रक्षा बलों के लिए थिएटर कमांड बनाने पर काम कर रहा है। इसका उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच तालमेल को बढ़ाना है। ऐसे में तीनों सेनाओं के प्रमुखों के बीच घनिष्ठ मित्रता और भी मददगार साबित होगी।

### आरोपी अक्षय ने पुलिस की रिवॉल्वर छीन चलाई गोली, जवाबी फायरिंग में घायल

बदलापुर। महाराष्ट्र के बदलापुर में अगस्त महीने में हुए दुष्कर्म के आरोपी अक्षय शिंदे ने पुलिस हिरासत में पुलिस की रिवॉल्वर छीनकर गोली चलाई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी घायल हो गया। इसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि अस्पताल में अक्षय शिंदे ने दम तोड़ दिया। घटना में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है।

दरअसल आरोपी अक्षय शिंदे को तलोजा जेल से पुलिस यौन उत्पीड़न के मामले में रिमांड पर लेकर बदलापुर जा रही थी। जब वाहन मुंब्रा बाईपास के पास पहुंचा तो आरोपी अक्षय शिंदे ने वाहन में मौजूद एक पुलिस अधिकारी की रिवॉल्वर छीन ली और दो से तीन राउंड फायरिंग की।

इससे पुलिस अधिकारी घायल हो गया। जवाब में एक अन्य अधिकारी ने शिंदे पर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया। उसे गंभीर हालत में कलवा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां अक्षय शिंदे ने दम तोड़ दिया।

## उत्तराखंड में परिवहन विभाग की बड़ी तैयारी

# 15 साल पुराने वाहनों को किया जाएगा चलन से बाहर

देहरादूनः राज्य में 15 वर्ष से पुराने सभी सरकारी और व्यावसायिक वाहन चलन से बाहर हो जाएंगे। इसके लिए परिवहन विभाग ने जनवरी 2025 तक की समय सीमा तय की है। विभाग यदि ऐसा करने में सफल रहता है तो केंद्र से राज्यों को मिलने वाली विशेष सहायता के रूप में उसे कुल 50 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। इसमें से पहला चरण पूरा करने पर राज्य को 25 करोड़ रुपये प्राप्त भी हो चुके हैं। केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में 15 वर्ष से पुराने सरकारी व व्यावसायिक वाहनों को चलन से बाहर करने के निर्देश दिए हैं। इस कड़ी में उत्तराखंड में भी कार्य शुरू हो चुका है। उत्तराखंड में लगभग सात हजार वाहन इस दायरे में आ रहे हैं। परिवहन विभाग इनमें से लगभग चार हजार वाहनों को अभी तक कबाड़ (स्क्रैप) कर चुका है। वाहनों को कबाड़ करने के लिए कबाड़ केंद्र बनाए गए हैं। इसके साथ ही विभाग व्यावसायिक वाहनों को कबाड़ करने के लिए भी नई योजनाएं लाया है, जिसमें सभी को 15 साल पुराने वाहन कबाड़ करने के लिए कई प्रकार की छूट दी जा रही है। केंद्र सरकार ने राज्यों को प्रेरित करने के लिए विशेष सहायता देने की योजना बनाई है। इसमें विभाग को दो चरणों में लक्ष्यों को पूरा करना था। पहले चरण में विभाग को 15 वर्ष से पुराने वाहनों को कबाड़ करने के लिए योजना बनानी थी। साथ ही वाहन स्वामियों को इसके लिए प्रेरित भी करना था। यह चरण राज्य सरकार पूरा कर चुकी है। इस एवज में राज्य सरकार को 25 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हो चुकी है। अब दूसरे चरण में विभाग ने 31 जनवरी 2025 तक सभी पुराने वाहनों की नीलामी कराते हुए इन्हें कबाड़ करना है। यह लक्ष्य पूरा करने पर विभाग को 25 करोड़ रुपये और दिए जाएंगे। यानी विभाग को लक्ष्य के दोनों चरणों को हासिल करने पर कुल 50 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे। हाल ही में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा की गई। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। निर्धारित अवधि तक लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा।



## सीएम शिंदे का बड़ा फैसला

# ब्राह्मण—क्षत्रिय आर्थिक विकास निगमों के गठन की मंजूरी, 50 करोड़ आवंटित



मुंबई। महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला लेते हुए दो अलग निगमों के गठन का एलान किया है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए दो अलग निगम बनाए हैं। वहीं इन दोनों निगमों के लिए 50–50 करोड़ रुपये का आवंटन भी किया गया है। इन निगमों में ब्राह्मणों के लिए परशुराम आर्थिक विकास निगम और राजपूतों के लिए वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप आर्थिक विकास निगम गठन किया गया है।महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव से पहले सोमवार को राज्य सरकार ने कैबिनेट बैठक में 24 अहम फैसले लिए हैं। महायुति सरकार ने बाह्मण और राजपूत समुदाय के लिए आर्थिक विकास महामंडल गठित करने की मंजूरी दी है। इस निगम की स्थापना ब्राह्मण और क्षत्रिय समुदाय के आर्थिक विकास के लिए की गई है। वहीं, तीन कुनबी उपजातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल करने का निर्णय लिया गया है।

**शिंदे सरकार ने इन निगमों के गठन को दी मंजूरी**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में ब्राह्मण समुदाय के लिए भगवान परशुराम आर्थिक विकास निगम को कैबिनेट की मंजूरी दी है। वहीं, राजपूत समाज के लिए वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप आर्थिक विकास निगम को मंजूरी दी गई है। ब्राह्मण समुदाय इस निगम की स्थापना के लिए कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहा था। अंततः कैबिनेट की बैठक में इस पर फैसला लिया है।

**सर्व समाज को खुश करने की कोशिश**

राज्य में मराठा आरक्षण की मांग उठने के बाद हर समुदाय आक्रमक हैं। उसी पृष्ठभूमि में, ब्राह्मण समुदाय भी छात्रों को सरकारी लाभ प्रदान करने के लिए परशुराम आर्थिक विकास निगम की मांग कर रहा था। इसके लिए कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन भी किए गए। आखिरकार विधानसभा चुनाव से पहले परशुराम आर्थिक विकास निगम को मंजूरी दी गई है। इस तरह राज्य सरकार ने सर्व समाज को खुश करने की कोशिश की है।

### संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण को 30 सितंबर को रैली

देहरादून। उत्तराखंड में संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर उत्तराखंड राज्य निगम कर्मचारी अधिकारी महासंघ के बैनर तले देहरादून में 30 सितंबर को महारैली निकाली जाएगी। महासंघ ने सोमवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को ज्ञापन सौंप नियमितीकरण नियमावली में उपनल कर्मचारियों को भी शामिल किए जाने की मांग की। महासंघ अध्यक्ष दिनेश गोसाईं ने कहा कि राज्य में दैनिक, संविदा, विशेष श्रेणी, उपनल, पीटीसी के माध्यम से हजारों की संख्या में कर्मचारी कार्यरत हैं। इन सभी कर्मचारियों को नियमितीकरण के दायरे में लाया जाए। किसी भी आउटसोर्स कर्मचारियों को भी इस दायरे में लाने से न छोड़ा जाए। कहा कि शासन स्तर पर हमेशा निगम कर्मियों के साथ भेदभाव बरता जाता है। निगम कर्मियों की समस्याओं पर हीलाहवाली बरती जाती है। महासचिव बीएस रावत ने कहा कि शासन स्तर पर विधिवत वार्ता नहीं की गई।

# शेख हसीना पर दर्ज हुआ कपड़ा मजदूर की मौत का मामला

नई दिल्ली। बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना और 69 अन्य लोगों पर 5 अगस्त को ढाका के काफरूल इलाके में कोटा सुधार विरोध प्रदर्शन के दौरान एक कपड़ा मजदूर की मौत के मामले में सोमवार को मामला दर्ज किया गया।

**शेख हसीना पर अब तक 194 केस दर्ज**

इसके साथ ही 5 अगस्त को इस्तीफा देकर भारत जाने वाली 76 वर्षीय शेख हसीना पर अब 194 मामले दर्ज हैं, जिनमें 173 मामले हत्या के, 11 मानवता के खिलाफ अपराध और नरसंहार के, तीन अपहरण के, छह हत्या के प्रयास के और एक बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के जुलूस पर हमला करने के हैं।

**पीड़ित की पत्नी ने दर्ज कराया केस**

मामले में पीड़ित की पत्नी ने ढाका मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद सैफुल इस्लाम की अदालत में शेख हसीना और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया। जिसकी सुनवाई के बाद मजिस्ट्रेट ने पुलिस ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन से जांच के बाद रिपोर्ट पेश करने को कहा हैं।



**एक दिन पहले भी दर्ज हुए थे दो नए केस**

अपनी शिकायत में उन्होंने कहा कि उनके पति मोहम्मद फजलू को 5 अगस्त की सुबह मीरपुर–14 में पुलिस लाइन के सामने गोली मार दी गई थी। इसके बाद में उन्हें मैक्स मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कल, हसीना और कई अन्य के खिलाफ 18 जुलाई को जत्राबाड़ी में 14 वर्षीय मदरसा छात्र और 19 जुलाई को मोहम्मदपुर में 12 वर्षीय रकीब हसन की मौत के मामले में दो और मामले दर्ज किए गए हैं।

# भारत शांति के लिए ग्लोबल रिफॉर्म का पक्षधर है-मोदी

न्यूयॉर्क। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज संयुक्त राष्ट्र महासभा के समिट ऑफ द फ्यूचर में कहा कि भारत शांति के लिए ग्लोबल रिफॉर्म का पक्षधर है। उन्होंने कहा कि हमें मिलकर मानवता का कल्याण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि शांति के लिए विकास में सुधार जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए मानव केंद्रित दृष्टिकोण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।संयुक्त राष्ट्र के भविष्य के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत अपने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को पूरी दुनिया के साथ साझा करने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने कहा, जून में अभी–अभी मानव इतिहास के सबसे बड़े चुनाव में भारत के लोगों ने मुझे लगातार तीसरी बार सेवा का अवसर दिया है और मैं यहां मानवता के छठे हिस्से की आवाज आप तक पहुंचाने आया हूं। जब हम ग्लोबल फ्यूचर के बारे में बात कर रहे हैं, तो मानव–केंद्रित दृष्टिकोण सर्वप्रथम होनी चाहिए। सतत विकास को प्राथमिकता देते हुए, हमें मानव कल्याण, भोजन, स्वास्थ्य सुरक्षा भी सुनिश्चित करनी होगी। हमने भारत में 250 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकालकर दिखाया है कि सतत विकास सफल हो सकता है। हम सफलता के इस अनुभव को ग्लोबल साउथ के साथ साझा करने के लिए तैयार हैं। संयुक्त राष्ट्र में 'समिट ऑफ द फ्यूचर' में पीएम मोदी ने आगे कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा बना हुआ है। जबकि साइबर, समुद्री और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्र संघर्ष के नए मोर्चे के रूप में उभर रहे हैं। इन सभी मुद्दों पर वैश्विक कार्रवाई वैश्विक महत्वाकांक्षा से मेल खानी चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, प्रौद्योगिकी के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग के लिए संतुलित विनियमन की आवश्यकता है। हमें ऐसे वैश्विक डिजिटल शासन की आवश्यकता है जिसमें राष्ट्रीय संप्रभुता और अखंडता अक्षुण्ण रहे। डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर एक पुल होनी चाहिए न कि बाधा।



### बुजुर्गों को मिलेगी बड़ी सुविधा, अब इलाज के लिए खर्च की नहीं सताएगी चिंता

नई दिल्ली। आयुष्मान भारत के तहत 70 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पोर्टल तैयार कराने का काम पूरा कर लिया गया है और जल्द ही उसका ट्रायल शुरुकिया जाएगा।

इसके साथ ही नीति आयोग के सदस्य डॉक्टर वीके पाल की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ डाक्टरों की कमेटी बुजुर्गों के होने वाले बीमारियों और उनके इलाज पर आने वाले खर्च का ब्यौरा जुटाने में लगा है। बीमारियों और उनके इलाज के खर्च का पैकेज तैयार होते ही योजना को लांच कर दिया जाएगा। आयुष्मान भारत के छह साल पूरे होने पर इसकी उपलब्धियां गिनाते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कैबिनेट के फैसले के मुताबिक बुजुर्गों को जल्द से जल्द इसका इलाज सुलभ कराने पर काम चल रहा है।

# पुष्पेंद्र दुग्गल के हत्यारे को आजीवन कारावास

देहरादून । कर्जन रोड पर 18 साल पहले हुई सरदार पुष्पेंद्र सिंह दुग्गल की हत्या के मामले में एडीजे द्वितीय महेश चंद कौशीबा की कोर्ट ने सजा सुना दी है। इनमें एक को हत्या का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और दूसरे को साक्ष्य छिपाने, आपराधिक षड्यंत्र और जालसाजी में सात साल की सजा हुई है। इस मामले के तीसरे आरोपी की मौत, जबकि चौथे को न्यायालय ने बरी कर दिया था।

जनवरी 2006 में हुए इस हत्याकांड के दो आरोपियों को न्यायालय ने शनिवार को दोषी करार दिया था। इसके बाद सोमवार को सजा पर सुनवाई हुई। बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने दोनों आरोपियों की उम्र, आर्थिक हालत आदि की दलील पेश करते हुए कम से कम सजा की मांग की। जबकि, अभियोजन ने इस जघन्य हत्याकांड के दोषियों को ज्यादा से ज्यादा सजा देने की अपील की। न्यायालय ने दोनों पक्षों की बहस को सुनकर दोपहर बाद अपना फैसला सुनाया।

मामले में कोर्ट ने महमूद अली निवासी कचहरी रोड को हत्या (आईपीसी 302) में आजीवन कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड, आपराधिक षड्यंत्र (आईपीसी 120बी) में सात वर्ष कैद और पांच हजार रुपये का अर्थदंड, जालसाजी (आईपीसी 468) में पांच वर्ष कारावास व तीन हजार रुपये अर्थदंड, सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ (आईपीसी 471) में सात साल कैद व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। दूसरे दोषी नईम राहत निवासी गांधी रोड को आपराधिक षड्यंत्र में सात वर्ष कैद व पांच हजार रुपये का अर्थदंड, जालसाजी (आईपीसी 467) में सात वर्ष कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड, (आईपीसी 468) तीन हजार रुपये अर्थदंड, सरकारी दस्तावेज में छेड़छाड़ में सात साल कैद व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। सभी सजाएं साथ–साथ चलेंगी। दोनों दोषियों को न्यायालय परिसर से हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है।

**ये था मामला**

सरदार पुष्पेंद्र सिंह दुग्गल कर्जन रोड पर अपने मकान में अकेले रहते थे। पत्नी अलग मकान में रहती थी। दुग्गल अचानक गायब हो गए। कहीं पता नहीं चला तो परिजनों ने थाना डालनवाला में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसी बीच पता चला की पुष्पेंद्र सिंह दुग्गल की एक वसीयत जिला जज न्यायालय में दाखिल की गई है। यहां दुग्गल के अधिवक्ताओं ने इसे देखते ही पहचान लिया कि वसीयत पर जो हस्ताक्षर हैं, वह दुग्गल के नहीं हैं। साथ ही जो संपत्ति पर हक जता रहे हैं वे भी संदिग्ध हैं। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो पता चला कि संपत्ति पर हक जताने वाले सभी पुताई का काम करते हैं।

सम्पादकीय

## चुनाव लड़ो युद्ध नहीं

उत्तराखंड में छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्रशासन के आगे छात्र संघ चुनावों के दौरान छात्रों को नियंत्रित करने एवं नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बनी हुई आई है। छात्र हितों के लिए संघर्ष करने का दावा करने वाले छात्र संगठन एवं नेता अब अपने मूल उद्देश्यों से भटकने लगे है और पूरी लड़ाई वर्चस्व और सिर्फ चुनाव जीतने तक सीमित रह गई है। छात्र संघ चुनावों के प्रचार के लिए दौड़ भाग शुरू हो गई है और इसके परिणाम स्वरुप छात्र गुटों में संघर्ष भी उभरने लगे है। राजनीतिक दृष्टि से सबसे महत्वपूर्ण समझे जाने वाले छात्र संघ चुनाव में देहरादून का डीएवी पीजी कॉलेज हमेशा से चर्चा में रहा है और इस बार भी यहां छात्र गुटों का संघर्ष देखने को मिलने लगा है। छात्रों के हुड़दंग, मारपीट और उपद्रव की संभावनाओं के तहत कॉलेज के अंदर ही स्थाई पुलिस चौकी खोली गई है लेकिन संघर्ष थमता हुआ नजर नहीं आ रहा है। इधर जिला प्रशासन भी अब छात्र संघ चुनाव पर पूरी नजरे गढ़ाए हुए बैठा है और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जनपद पुलिस ने पूरी तरह से कमर का असली है। हुड़दंग मचाने वाले छात्रों की सूची तैयार की जा रही है और पहले चरण में चुनाव प्रचार के दौरान कॉलेज के अंदर हंगामा मचाने वाले विभिन्न संगठनों के 28 छात्र नेताओं को निरुद्ध किया गया है। स्पष्ट है कि छात्र संघ चुनाव में किसी भी प्रकार की मारपीट, हंगामा और उपद्रव करने पर पुलिस ने अपना रोड मैप तैयार कर लिया है और इसके तहत बेहद कढ़ाई के साथ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। छात्र नेताओं की दंगाई सिर्फ कॉलेज परिसर तक ही सीमित नहीं है बल्कि चुनाव से पहले और चुनाव जीतने के बाद भी इसका असर शहर की सड़कों तक नजर आता है। यही कारण है कि छात्रों को नगर में जुलूस निकालने पर पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है और इसके लिए एक भारी भरकम फोर्स कॉलेज की सीमा पर तैनात की जाती है। छात्र नेताओं को अपनी जिम्मेदारियां समझनी चाहिए कि जिन उद्देश्यों को लेकर वह चुनाव लड़ रहे हैं सिर्फ उसी मार्ग पर चले ना की छात्र संघ चुनाव को दंगा और हंगामा करने का मंच समझ लें। जिला प्रशासन एवं जनपद पुलिस की सराहना करनी चाहिए कि वह नगर में शांति बनाए रखने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रही है और इसके लिए यदि छात्रों पर वैधानिक कार्यवाही भी करनी पड़े तो उसका स्वागत करना चाहिए।

# एक के बाद एक नेता प्रतिपक्ष को धमकियां

**शकील अख्तर**

देश के प्रधानमंत्री खामोश हैं। पूरी दुनिया का मीडिया चिन्ता व्यक्त कर रहा है कि भारत जिसके प्रधानमंत्री विदेश में आकर बुद्ध का देश कहते हैं, शांति का संदेश देने वाले का देश वहां नेता प्रतिपक्ष को सत्ता पक्ष की तरफ से जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। एक के बाद एक कई नेताओं द्वारा। जिनमें एक केन्द्रीय मंत्री भी है। और जब इसके बारे में एक पत्रकार गृह मंत्री अमित शाह से सवाल पूछना चाहते हैं तो वे सवाल पूछने वाले को डराते हैं। कहते हैं कि ऐसे सवाल मत पूछो। समझते नहीं हो। चुप रहो। और प्रधानमंत्री को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जब इस बारे में पत्र लिखते हैं तो उसका कोई नोटिस नहीं लिया जाता।

प्रधानमंत्री मोदी कह रहे हैं कि उनका मजाक उड़ाया गया। इन सौ दिनों से पहले चुनाव प्रचार में कह रहे थे कि उन्हें सौ गालियां दी गईं। इससे पहले पंजाब में पुलिस से कह रहे थे कि अपने मुख्यमंत्री से कह देना कि मैं जिन्दा वापस जा रहा हूं। देश के प्रधानमंत्री सिर्फ खुद के बारे बातें करते हैं। इस बात पर आंख कान बंद कर लेते है कि प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी को उनकी पार्टी के और सहयोगी पार्टी के नेता उनकी सरकार के मंत्री जान से मारने की बात कर रहे हैं।

भयानक! देश में पहले कभी ऐसा हुआ कि सत्ता पक्ष के लोग विपक्ष के नेता को जान से मारने की धमकी दे रहे हों, जबान काटने पर इनाम की घोषणा कर रहे हों। आतंकवादी कह रहे हों। यह माब लीचिंग का माहौल बनाना है। लोगों को भडक़ाने के लिए एक साजिश के तहत दिए जा रहे बयान। इस परिवार के दो लोगों की जो प्रधानमंत्री थे, हत्या की जा चुकी है। और वृहतर कांग्रेस परिवार को देखा जाए तो तीन लोगों की जिनमें महात्मा गांधी शामिल थे।

देश के प्रधानमंत्री खामोश हैं। पूरी दुनिया का मीडिया चिन्ता व्यक्त कर रहा है कि भारत जिसके प्रधानमंत्री विदेश में आकर बुद्ध का देश कहते हैं, शांति का संदेश देने वाले का देश वहां नेता प्रतिपक्ष को सत्ता पक्ष की तरफ से जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं। एक के बाद एक कई नेताओं द्वारा। जिनमें एक केन्द्रीय मंत्री भी है। और जब इसके बारे में एक पत्रकार गृह मंत्री अमित शाह से सवाल पूछना चाहते हैं तो वे सवाल पूछने वाले को डराते हैं। कहते हैं कि ऐसे सवाल मत पूछो। समझते नहीं हो। चुप रहो।

और प्रधानमंत्री को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जब इस बारे में पत्र लिखते हैं तो उसका कोई नोटिस नहीं लिया जाता।

आपको पीछे लिए चलते हैं। सरदार पटेल की तरफ। भाजपा बहुत याद करती है उनको। उन्होंने लिखा था " महात्मा गांधी का हत्या के पहले कांग्रेस का विरोध करके और वह भी इस कठोरता से कि न अस्तित्व का ख्याल, न सभ्यता व शिष्टता का ध्यान रखा जनता में एक प्रकार की बैचेनी पैदा कर दी थी। सांप्रदायिक विष से भरी स्पीचेज कीं। उस जहर का फल अंत में यही हुआ कि गांधी जी की अमूल्य जान की कुर्बानी देश को सहना पड़ी।"

जी हां यह लिखा था देश के गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने आरएसएस के संघ चालक गुरू गोलवलकर के उस पत्र के जवाब में जिसमें वे गांधी की हत्या के मामले में सफाइयां दे रहे थे। ये सारे पत्र ' हिस्टोरिक डाक्यूमेंट आफ गुरुजी झ्र गर्वमेंन्ट करसपान्डेंस ' में संग्रहित है।

तो सरदार पटेल के इस पत्र से साफ होता है कि महात्मा गांधी की हत्या से पहले भी ऐसा भी विषाक्त माहौल बनाया गया था। सरदार पटेल ने 19 सितंबर 1948 मतलब आज से जब आप यह पढ़ रहे हैं ठीक 76 साल पहले गोलवलकर के पत्र के जवाब में लिखा कि " सरकार और जनता की जरा भी सहानुभूति आरएसएस के साथ नहीं रही, बल्कि उनके खिलाफ हो गई। महात्मा गांधी की हत्या पर आरएसएस ने जो हर्ष प्रकट किया तथा मिठाई बांटी उससे यह विरोध और बढ़ गया।"

> **प्रधानमंत्री मोदी कह रहे हैं कि उनका मजाक उड़ाया गया। इन सौ दिनों से पहले चुनाव प्रचार में कह रहे थे कि उन्हें सौ गालियां दी गईं। इससे पहले पंजाब में पुलिस से कह रहे थे कि अपने मुख्यमंत्री से कह देना कि मैं जिन्दा वापस जा रहा हूं। देश के प्रधानमंत्री सिर्फ खुद के बारे बातें करते हैं। इस बात पर आंख कान बंद कर लेते है कि प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी को उनकी पार्टी के और सहयोगी पार्टी के नेता उनकी सरकार के मंत्री जान से मारने की बात कर रहे हैं। भयानक! देश में पहले कभी ऐसा हुआ कि सत्ता पक्ष के लोग विपक्ष के नेता को जान से मारने की धमकी दे रहे हों, जबान काटने पर इनाम की घोषणा कर रहे हों। आतंकवादी कह रहे हों। यह माब लीचिंग का माहौल बनाना है। लोगों को भडक़ाने के लिए एक साजिश के तहत दिए जा रहे बयान। इस परिवार के दो लोगों की जो प्रधानमंत्री थे, हत्या की जा चुकी है। और वृहतर कांग्रेस परिवार को देखा जाए तो तीन लोगों की जिनमें महात्मा गांधी शामिल थे।**

यह सारा इतिहास याद दिलाया जाना इसलिए जरूरी है कि सिर्फ महात्मा गांधी की हत्या से पहले ही नहीं इन्दिरा गांधी की हत्या के पहले भी ऐसा ही माहौल बनाया गया था। अभी पंजाब के मुख्यमंत्री रहे चरणजीत सिंह चन्नी और वहां विधानसभा में विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने दिल्ली में की एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि स्वर्ण मंदिर में सेना भेजने के लिए भी आरएसएस ने दबाव बनाया था।

उन्होंने आडवानी का नाम लेकर कहा कि उन्होंने यह स्वीकार किया है। और खतरनाक बात यह है कि एक तरफ सेना भेजने का दबाव बनाया और फिर इसके लिए प्रधानमंत्री इन्दिरा को शत्रु की तरह आरोपित करके उनके खिलाफ माहौल बनाया गया। इन्दिरा की हत्या भी उनके खिलाफ बनाए विषाक्त माहौल का परिणाम थी। राजीव गांधी की एसपीजी सुरक्षा वापस ले ली ली गई थी। परिणाम उनकी हत्या। वीपी सिंह सरकार ने जिसका बीजेपी समर्थन कर रही थी 1989 में राजीव की सुरक्षा से खिलवाड़ किया। अब ऐसा ही राहुल गांधी की सुरक्षा के साथ हो रहा है। उनकी एसपीजी की सुरक्षा भी वापस ले ली गई। केन्द्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू, एक भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश के मंत्री रघुराज सिंह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी के विधायक संजय गायकवाड़ और भाजपा नेता तरविन्दर सिंह मारवाह उन्हें खुले आम जबान काटने पर इनाम, जान से मारने की धमकी और आतंकवादी तक कह रहे हैं। और सरकार की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं। कांग्रेस ने दिल्ली सहित कई राज्यों में लिखित तहरीर दी। मगर कोई एक्शन नहीं।

क्या है यह? इतने गंभीर मामले में भी प्रधानमंत्री मौन! मनमोहन सिंह को कहते थे। वे तो मौन नहीं रहे। लोकसभा में जब योगी आदित्यनाथ ने रोते हुए अपनी जान को खतरा बताया था तो केवल उस समय के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ही नहीं, आसन पर बैठे लोकसभा अध्यक्ष सोमनाथ चटर्जी, यूपीए चेयरपर्सन सोनिया गांधी सबने उन्हें सुरक्षा का विश्वास दिलाया था।

ऐसी होती हैं सरकारें। यह नहीं कि उनके मंत्री नेता धमकियां दें और वे आपराधिक खामोशी ओढ़े रहें। जी हां यह आपराधिक खामोशी है। अपराध की खबर मिलने, अपराध किए जाने की सुचना के बाद भी कुछ नहीं करना अपराध में शामिल होना माना जाता है। और यह सिर्फ फौजदारी कानून के अपराध की बात नहीं है। बल्कि एक असफल स्टेट की निशानी है। असफल स्टेट अभी तक हम पाकिस्तान को कहते रहे। एक असफल राज्य जिसका अपने देश पर कोई नियंत्रण नहीं है।

मंगलवार को ही सुप्रीम कोर्ट ने इस बात को दूसरे प्रसंग में कहा। उसने कहा कि यह बुलडोजर संविधान पर हमला हैं। और उसका महिमामंडन उससे भी ज्यादा खतरनाक बात। कानून व्यवस्था को ध्वस्त कर देना। उसने इसके विध्वंस के इस्तेमाल पर पाबंदी लगा दी। बुलडोजर निर्माण कार्यों में आने के लिए बना। मगर उसे विध्वंस और उसे भी शान का प्रतीक बना दिया। रावण के अट्टहास की तरह। खैर वह एक अलग विषय है। मगर मूल एक ही है संविधान, कानून व्यवस्था, नियम, लोकतंत्र किसी की परवाह किए बिना अपनी शक्ति का प्रदर्शन। व्यक्ति की शक्ति। और यही असफल स्टेट की निशानी है। असफल राज्य और गवीन्मत शासक! मैं जो चाहे करूं। मेरी मर्जी!

मगर दुनिया बहुत बड़ी है। अभी अमेरिका जा रहे हैं। वहां किसी ने पूछ लिया तो जवाब देते नहीं बनेगा। यहां के मीडिया से कहा जाएगा कि पूछने वाले के खिलाफ भी ऐसा ही विषाक्त माहौल बनाओ। किल द मैसेंजर! पत्रवाहक को ही मार डालो। सूचना देने वाले को खत्म कर दो। पूछने वाले को ही। समस्या पर मत जाओ! समस्या बताने वाले को आरोपित करो। और अंत में यह बताते हुए खत्म करते हैं कि भारत सफल राष्ट्र ऐसे बना कि यहां के गृह मंत्री सरदार पटेल भूत और वर्तमान को समझ भी रहे थे और भविष्य के लिए चेतावनी भी दे रहे थे। अब जो पत्र हम कोट कर रहे हैं वह पटेल ने श्यामाप्रसाद मुखर्जी के पत्र के जवाब में लिखा था। इसमें साफ कहा गया है कि " आरएसएस की गतिविधियों से सरकार और राज्य के अस्तित्व को ही खतरा हो गया था। " इसी खतरे की तरफ राहुल लगातार ध्यान दिलाते रहते हैं। और इसलिए वह निशाने पर हैं। बीस के करीब मुकदमे अलग अलग जगहों पर दायर कर रखे हैं। मगर उससे नहीं डरे तो अब सीधे जान से मारने की धमकी।

# मजबूत हो रहे सड़क, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य के चार पिलर

**धनंजय राठौर**

डबल इंजन की सरकार में छत्तीसगढ़ के विकास की रफ़्तार नये कीर्तिमान भी स्थापित कर रही है जो राष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ की पहचान एक अलग मुकाम तक पहुंचा रही है। छत्तीसगढ़ के सडक़, शिक्षा, इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य के लिए केंद्र से छत्तीसगढ़ को 11।1 करोड़ रूपए मिले हैं। छत्तीसगढ़ केंद्र सरकार की पूंजीगत व्यय यानी कैपेक्स के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत टॉप–5 पर पहुँच गया है। छत्तीसगढ़ असम, गुजरात, हिमाचल, त्रिपुरा, गोवा और सिक्किम जैसे राज्यों की तुलना में आगे है।ईज ऑफ़ लिविंग की अवधारणा को मजबूत करने और लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार लगातार कदम बढ़ा रही है। बस्तर से लेकर सरगुजा तक हर वर्ग के लोगों की समस्याओं को समझकर उनके हित में कार्य और त्वरित निर्णय से जनता और सरकार के बीच का रिश्ता मजबूत हुआ है। यही कारण है कि केंद्र सरकार के कैपेक्स में पूरे देश में छत्तीसगढ़ टॉप–5 में है।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक नया विभाग भी बनाया है। सुशासन एवं अभिसरण (गुड गवर्नेंस एवं कन्वर्जेंस) विभाग अन्य शासकीय विभागों में जनता को आने वाली समस्याओं को समझकर उनके समाधान पर कार्य करेगी। हितग्राहियों को सरकार की योजनाओं का सौ फीसदी लाभ सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर स्तर पर परफॉरमेंस रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी। शासकीय विभागों और जनसरोकार से जुड़े कार्यों के डिजिटलाइजेशन से न केवल कार्यों में पारदर्शिता आ रही है बल्कि विभागों का परफोरमेंस भी बेहतर हो रहा है। सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ रहा है।

> **छत्तीसगढ़ असम, गुजरात, हिमाचल, त्रिपुरा, गोवा और सिक्किम जैसे राज्यों की तुलना में आगे है।ईज ऑफ़ लिविंग की अवधारणा को मजबूत करने और लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार लगातार कदम बढ़ा रही है।**

शासकीय विभागों को समय के अनुरूप अपडेट करने के लिए भी छत्तीसगढ़ सरकार अहम् कदम उठा रही है, जिसमें लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत जनता से जुड़ी 90 सुविधाओं का डिजिटलीकरण, शासकीय खरीदी में पारदर्शिता लाने के लिए जैम पोर्टल की शुरुआत। सभी शासकीय विभाग के लिए अलग–अलग पोर्टल का निर्माण और ई–ऑफिस की दिशा में बढने् की पहल, शासकीय विभागों से सम्बंधित विभिन्न व्यापारिक और औद्योगिक इकाईयों के एनओसी की प्रक्रिया के सरलीकरण जैसे निर्णय ईज ऑफ़ लिविंग की अवधारणा को मजबूती देने के लिए मुख्यमंत्री श्री साय की दूरदर्शी सोच को दर्शाती है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के स्वरुप पर आधारित केंद्र सरकार की नीतियों से आमजनों के जीवन को बेहतर बनाने के मिशन पर भी तेजी से कार्य हो रहा है। प्रदेश के युवाओ को उद्यम से जोडने् की बात हो या किसानों को अल्पकालीन कृषि ऋण वितरित करने की छत्तीसगढ़ सरकार दोनों स्तर पर परिवर्तनकारी कदम उठा रही है जिसका परिणाम दिखने लगा है। यही कारण है कि खर्च और निवेश की सम्भावनाओं वाले देश के 188 जिलों में छत्तीसगढ़ का डीपीआई स्कोर 31.0 है जो दिल्ली 68.2, पश्चिम बंगाल 42.9, उत्तराखंड 41.0 के मुकाबले बेहतर है। दूसरे राज्यों की तुलना में छत्तीसगढ़ में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं, इन कार्यों को आमजनों की जरूरतों के अनुकूल किया जा रहा है।

## चुनाव जहरीला भी हुआ और हास्यास्पद भी

दुनिया के सबसे जीवंत लोकतंत्र अमेरिका में राष्ट्रपति का चुनाव तमाशा बन गया है। अकेले ट्रंप के कारण चुनाव जहरीला भी हुआ और हास्यास्पद भी।

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में वह सब हो रहा है, जो आधुनिक समय में सोचा भी नहीं गया था। जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे वैसे प्रचार में जहर घुलता जा रहा है। पूर्व राष्ट्रपति और इस बार के चुनाव में राष्ट्रपति पद के रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर दूसरी बार हमले का प्रयास हुआ है। 13 जुलाई को पेन्सिलवेनिया में ट्रंप के ऊपर हमला हुआ था। तब गोली उनके कान को छूकर निकली थी। हमलावर को उसी समय सीक्रेट सर्विस ने मार गिराया था। दूसरी बार फ्लोरिडा में हमले का प्रयास हुआ है। हालांकि सीक्रेट सर्विस पक्के तौर पर नहीं कह रही है कि ट्रंप पर गोली चली लेकिन फ्लोरिडा के पाम बीच काउंटी के इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में एक व्यक्ति हथियार के साथ मौजूद था, जिस पर सीक्रेट सर्विस ने गोली चलाई और वह व्यक्ति हथियार छोड़ कर भाग गया। एफबीआई मामले की जांच कर रही है। जो हथियार बरामद हुआ है वह एके–47 राइफल की तरह का है। अमेरिका जैसे देश में, जहां हथियार बहुत सहज रूप से लोगों को उपलब्ध हैं, वहां अगर राजनीतिक विभाजन इतना बढ़ता है कि मरने मारने की प्रवृत्ति आ जाए तो यह बहुत खतरनाक है। इसके लिए ट्रंप का प्रचार और उनका भाषण बहुत हद तक जिम्मेदार है। उन्होंने अमेरिकी समाज को दोस्त और दुश्मन में बांट दिया है। उन्होंने ऐसा माहौल बना दिया है, जिसमें जो उनके साथ है वह अमेरिका का दोस्त है और जो उनके खिलाफ है वह अमेरिका का दुश्मन है। ऐसी सोच अमेरिकी चुनाव में पहले कभी नहीं रही। ट्रंप बार बार इसका प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी की प्रत्याशी और उप राष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ डिबेट में जिस तरह की बातें कहीं वह इसकी मिसाल हैं। इसके बावजूद वे डिबेट में पिछड़ गए और अब कह रहे हैं कि फिर हैरिस के साथ डिबेट नहीं करेंगे। ट्रंप के तमाशे यही खत्म नहीं होते हैं। उन्होंने प्रवासियों को लेकरर ऐसी बातें कही हैं, जिसके बारे में किसी ने नहीं सोचा होगा कि राष्ट्रपति रहा कोई व्यक्ति इतने भद्दे आरोप लगाएगा। ट्रंप ने हैती के प्रवासियों पर आरोप लगाया है कि वे अमेरिकी लोगों के पालतू जानवरों यानी कुत्ते, बिल्लियों को मार कर खा रहे हैं। यह मानवीय गरिमा से गिरा हुआ आरोप है। इसके लिए पूरे अमेरिका की हंसी उड़ रही है।

# बी हैप्पी से अभिषेक बच्चन की पहली झलक जारी

काफी समय से खबर आ रही थी कि अभिषेक बच्चन और रेमो डिसूजा बी हैप्पी नाम की एक फिल्म के लिए साथ आ रहे हैं। चर्चा थी कि फिल्म में अभिषेक एक बेटी के पिता का किरदार निभाने वाले हैं।फिल्म से जुड़ीं कई जानकारियां सामने आई थीं, लेकिन न तो निर्माता–निर्देशक और ना ही अभिषेक ने इसकी पुष्टि की थी।अब आखिरकार फिल्म का ऐलान हो गया है और इससे अभिषेक की पहली झलक भी सामने आ गई है। बता दें कि अभिषेक की यह फिल्म सीधे अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिल्म में अभिषेक के साथ बाल कलाकार इनायत वर्मा नजर आएंगी, जो फिल्म के पहले पोस्टर में



अभिषेक के साथ दिख रही हैं।फिल्म में अभिषेक अकेले अपने बेटी की परवरिश करते दिखेंगे, क्योंकि वह इसमें सिंगल फादर की भूमिका निभा रहे हैं।यह एक अकेले पिता और उसकी समझदार बेटी की अनूठी और दिल को छू लेने वाली यात्रा पर आधारित है। यह एक डांस ड्रामा फिल्म होगी, जिसमें अभिषेक के किरदार का नाम शिव रस्तोगी होगा। वह इसमें एक ऐसे पिता बने हैं, जो अपनी बेटी की ख्वाहिशों को पूरा करने के लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार रहता है।फिल्म की कहानी दर्शकों को खुश करने के साथ–साथ उन्हें भावुक कर देगी। एक अकेला पिता अपनी बेटी के सपने पूरे करने के लिए क्या कुछ करता है, फिल्म में उनकी इसी यात्रा को दिखाया जाएगा। इस फिल्म में अभिषेक के अलावा अभिनेत्री नोरा फतेही भी एक अहम भूमिका निभाने वाली हैं, वहीं जॉनी लीवर और हरलीन सेठी भी इसमें महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे।फिल्म के निर्देशन की कमान रेमो ने संभाली है और इसके प्रोडक्शन की जिम्मेदारी भी उन्हीं पर है।

## पहले टेस्ट में श्रीलंका ने दर्ज की रोमांचक जीत, बेकार गई रचिन रविंद्र की शानदार पारी

गाले,न्यूजीलैंड के साथ खेले गए पहले टेस्ट मैच को श्रीलंका क्रिकेट टीम ने 63 रन से जीतकर अपने नाम कर लिया है. गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में श्रीलंका ने 275 रनों का लक्ष्य दिया था, लेकिन कीवी टीम ने पूरी कोशिश की और रचिन रविंद्र की 92 रनों की तूफानी पारी के बावजूद पूरी टीम 211 रनों पर ही ऑलआउट हो गई और श्रीलंका ने 63 रन से मैच को अपने नाम कर लिया.न्यूजीलैंड के साथ खेले गए गाले टेस्ट मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया. पहली पारी में लंकाई टीम ने कमिंदु मेंडिस की शतकीय पारी की बदौलत 305 रनों का स्कोर बनाया. हालांकि, न्यूजीलैंड के लिए भी पहली पारी अच्छी रही, जहां टीम ने 340 रन बोर्ड पर लगाए. पहली पारी के आधार पर 35 रनों की बढ़त मिली. लेकिन, फिर दूसरी पारी में श्रीलंका ने 309 रन बना दिए और न्यूजीलैंड को जीतने के लिए 275 रनों का लक्ष्य दिया.

# बांग्लादेश के खिलाफ भारतीय टीम की जीत पर खुश हुए मुख्य कोच गंभीर

चेन्नई, भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच में टीम के प्रदर्शन से काफी खुश हैं। हाल ही में कोच की जिम्मेदारी संभालने वाले गंभीर ने भारतीय खिलाड़ियों की सराहना की है। गंभीर की यह कोच के रूप में पहली टेस्ट जीत है। रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम ने बांग्लादेश को पहले टेस्ट के चौथे ही दिन 280 रनों से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है। दोनों टीमों के बीच अब अगला टेस्ट कानपुर में 27 सितंबर से खेला जाएगा। भारत की जीत के बाद गंभीर ने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की और लिखा, 'शानदार शुरुआत, बहुत खूब लडक़ों।' उन्होंने इसके साथ ही भारतीय टीम की एक फोटो भी शेयर की। गंभीर के कार्यकाल की शुरुआत जुलाई–अगस्त में श्रीलंका के खिलाफ हुई सीमित ओवरों की सीरीज से हुई थी। भारत ने उस दौरे पर श्रीलंका को टी20 मैचों में 3–0 से हराया था, लेकिन वनडे सीरीज 0–2 से हार गई थी। हालांकि, गंभीर के टेस्ट प्रारूप में कार्यकाल की शुरुआत सकारात्मक तरीके से हुई है।

पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑलराउंड प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने पहली पारी में विषम परिस्थितियों में शतक जड़ा और रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए 199 रनों की साझेदारी की। इसके बाद दूसरी पारी में गेंद से बेहतरीन प्रदर्शन किया और छह विकेट झटक कर बांग्लादेश को धूल चटाई। अश्विन को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। टेस्ट में यह 10वीं बार था जब अश्विन को यह पुरस्कार दिया गया। भारत ने इस मैच में पहले दिन से ही अपना दबदबा बरकरार रखा था।

# सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म युध्रा की बॉक्स ऑफिस पर बढ़िया शुरुआत

अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी पिछले काफी समय से एक्शन थ्रिलर फिल्म युध्रा को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म बीते शुक्रवार यानी 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। हालांकि, इसे दर्शकों और समीक्षकों से कुछ खास प्रतिक्रिया नहीं मिली।अब फिल्म की कमाई के पहले दिन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं। इसने बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद से ज्यादा रकम बटोरी है।आइए जानते है स्त्री 2 के आतंक के बीच युध्रा ने क्या कमाल किया। सैकनिल्क के मुताबिक, युध्रा ने पहले दिन 4.50 करोड़ रुपये की कमाई की। इस कारोबार के साथ फिल्म ने करण जौहर की एक्शन फिल्म किल को शिकस्त दे दी है। किल ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन कुल 1.25 करोड़ रुपये कमाए थे, जो कि युध्रा से काफी कम हैं।युध्रा को नेशनल सिनेमा डे पर रिलीज होने का भी फायदा मिला है। दरअसल इस खास मौके पर सभी फिल्मों के टिकट की कीमत 99 रुपये रखी गई थी। युध्रा ने पहले दिन किल के अलावा हाल–फिलहाल में आईं कई फिल्मों के कारोबार को मात दी है।इस फिल्म ने जिन फिल्मों के पहले दिन के कलेक्शन को पछाड़ा है, उनमें साउथ के सुपरस्स्टार विजय सेतुपति की फिल्म द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम (1.85 करोड़), अजय देवगन की फिल्म औरों में कहां दम था (1.85 करोड़), जाह्नवी कपूर की उलझ (1.15 करोड़), अक्षय कुमार की सरफिरा (2.50 करोड़) और दिनेश विजान कीमुंज्या (4 करोड़) जैसी फिल्में शामिल हैं। युध्रा एक एक्शन–थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्देशन रवि उदयावर ने किया है, जिन्होंने दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म मॉम का निर्देशन किया था।इस फिल्म को एक्सेल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है।

## एक्शन–हल्क बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास की बीएसएस12 से संयुक्ता का फर्स्ट–लुक पोस्टर आउट

एक्शन–हल्क बेलमकोंडा साईं श्रीनिवास की 12वीं फिल्म बीएसएस12, इंडस्ट्री में उनके एक दशक पूरे होने का प्रतीक है और यह उनकी अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना होने का वादा करती है।

लुधीर बायरेड्डी द्वारा निर्देशित और मूनशाइन पिक्चर्स के तहत महेश चंदू द्वारा निर्मित, यह रहस्यमय थ्रिलर उच्च बजट और बेहतरीन तकनीकी मानकों का दावा करती है। फिल्म के घोषणा पोस्टर को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, और नवीनतम फर्स्ट–लुक पोस्टर में संयुक्ता के किरदार समीरा को एक महत्वपूर्ण भूमिका में पेश किया गया है। संयुक्ता के किरदार के पोस्टर में उन्हें एक परिष्कृत रूप और गंभीर नजर के साथ दिखाया गया है, जो कांच की अलमारियों पर रहस्यमय संरचनाओं से घिरा हुआ है।

# कानपुर टेस्ट में कुलदीप को प्लेइंग–11 में शामिल करने की मांग

नईदिल्ली, भारतीय टीम अब बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की तैयारियों में जुट गई है। पहला मैच जीत चुकी रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम अब 27 सितंबर से कानपुर में दूसरा टेस्ट खेलेगी। इस बीच, टीम के पूर्व खिलाड़ी और कमेंटेटर संजय मांजरेकर ने कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को प्लेइंग–11 में शामिल करने की मांग की है। पहले टेस्ट में भारत को मिली जीत के बाद मांजरेकर ने कुलदीप को चेन्नई टेस्ट में मौका नहीं देने पर निराशा व्यक्त की।



कुलदीप ने 2017 में डेब्यू करने के बाद से भारत के लिए 12 टेस्ट मैच खेले हैं और 53 विकेट अपने नाम किए हैं। कुलदीप कई सीरीज में भारत के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी रहे हैं। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान भी कुलदीप ने शानदार प्रदर्शन किया था और चार मैचों में 19 विकेट झटके थे। इसके अलावा उन्होंने निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हुए कुछ उपयोगी पारियां खेली थी। हालांकि, शानदार ट्रैक रिकॉर्ड के बावजूद उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच से बाहर किया गया। भारत ने इस मैच में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप जैसे तीन गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला किया था।

मांजरेकर ने हालांकि, इस फैसले की आलोचना की और कहा कि भारत ने कुलदीप को नहीं खिलाकर मौका गंवाया है। मांजरेकर ने कहा, मुझे लगता है कि कुलदीप यादव को इतनी आसानी से बाहर नहीं बैठाना चाहिए था। भले ही पिच टर्निंग नहीं थी, लेकिन भारत को कुलदीप को लेने से फायदा होता। तेज गेंदबाजों को भारतीय पिचों पर एक या डेढ़ दिन तक ही मदद मिलती है, इसके बाद स्पिनरों को फायदा मिलने लगता है। ऐसे में जब आपके पास कुलदीप यादव जैसा गेंदबाज होता है तो आपको उन्हें आसानी से बाहर नहीं करना चाहिए।

## एक नजर

### डीएम ने धान की क्रॉप कटिंग का लिया जायजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने सोमवार को जिले में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े संकलन को लेकर तहसील पौड़ी की ग्राम पंचायत बौंसरी में खरीफ धान की क्रॉप कटिंग का जायजा लिया। डीएम ने कहा कि क्रॉप कटिंग से मिलने वाले उत्पादन के आंकड़ों के आधार पर क्षतिपूर्ति और फसल बीमा की राशि तय की जाती है।

राजस्व विभाग ने बौंसरी गांव के कृषक मदन सिंह के खेत में 30 वर्ग मीटर प्लाट का चयन किया था। इसमें सीसीई एग्री ऐप के जरिए क्रॉप कटिंग की गई। इसमें 1 किलो 700 ग्राम धान का उत्पदान मिला। क्रॉप कटिंग के आधार पर ही जिले में औसत उपज व उत्पादन के आंकड़े तैयार किए जाते हैं। क्रॉप कटिंग का जायजा लेने पहुंचे डीएम डॉ. आशीष चौहान ने खेत का नक्शा, खसरा, रजिस्ट्री आदि भूमि दस्तावेजों की जांच की और धान के बीज के बारे में पूछा। इस मौके पर मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. विकेश कुमार यादव, अपर सांख्यिकी अधिकारी रविंद्र चौहान, भूमि संरक्षण अधिकारी अरविन्द भट्ट, सहायक कृषि अधिकारी अंकिता नेगी, जिला समन्वयक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना राकेश शर्मा, ग्राम प्रधान प्रमिला देवी और स्थानीय किसान मौजूद रहे।

### ग्राम प्रधान ने भूगर्भीय सर्वे की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : किनसुर के ग्राम प्रधान ने कौड़ियाला-व्यासघाट मोटर मार्ग पर बागी गांव के पास क्षतिग्रस्त हिस्से का स्थाई ट्रीटमेंट करते हुए भूगर्भीय सर्वे करने की मांग की। मांग को लेकर ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। कहा कि जनहित में बागी गांव के पास भूगर्भीय सर्वे किया जाना बहुत जरूरी है। यहां पर मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त होने से हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

डीएम को दिए गए ज्ञापन में किनसुर के ग्राम प्रधान दीपचंद्र शाह ने कहा कि पिछले करीब दो सालों से कौड़ियाला-व्यासघाट मोटर मार्ग बागी गांव के पास क्षतिग्रस्त हो रखा है। जिससे यहां से आवाजाही करना जोखिम भरा बना हुआ है। कहा कि बरसात के समय पहाड़ी लगातार टूटती जा रही है। उन्होंने यहां पर स्थाई ट्रीटमेंट करते हुए भूगर्भीय सर्वे करने की मांग की है।

### ठेकेदारों ने समस्याओं को लेकर सीएम को भेजा ज्ञापन

नई टिहरी : जनपद के सरकारी विभागों में कार्य करने वाले ठेकेदारों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन प्रेषित कर मांगों पर त्वरित कार्यवाही की मांग की। ठेकेदारों ने लोनिवि के एसई को भी समस्याओं के निस्तारण को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वाले ठेकेदारों में गोविंद सिंह पुंडीर, राजेंद्र कुंवर, रोशन सिंह चौहान, राजेंद्र सिंह कुमांई, दिनेश कृषाली, रोशन चौहान, अनिल राणा, रतनमणी भट्ट, सोबत सिंह रावत, दिनेश रमोला, रामलाल गौड़, सुमन कंडारी, विनोद, लोकेंद्र दत्त, गंभीर सिंह, सुमेर भंडारी, भगवती प्रसाद, देवेंद्र आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### खाद्य कारोबारियों का तीस व एक को प्रशिक्षण

नई टिहरी : 30 सितंबर और एक अक्तूबर को टिहरी जनपद के खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहयोग से प्रशिक्षण शिविर लगाया जा रहा है। नेशनल एसोसियेशन आफ स्ट्रीट वेंडर आफ इंडिया ढाबों, चाय की दुकानों, रेस्तरां, होटल, ठेली, रेहड़ी में खाद्य पदार्थों का व्यापार करने व खाद्य पदार्थों का संचालन करने वालों को फोस्टेक प्रशिक्षण देगा। यह जानकारी देते हुए खाद्य संरक्षा विभाग की वरिष्ठ निरीक्षक शारदा ने दी। (एजेंसी)

### पैरा लीगल स्वयं सेवियों ने सीखे आपदा से बचाव के गुर

नई टिहरी : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जनपद के पैरा लीगल स्वयंसेवकों के लिए आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। प्रशिक्षण में 71 वॉलंटियर को प्रशिक्षित कर उन्हें गांव-गांव में लोगों को लीगल सेवाओं की जानकारी देने का आह्वान किया गया। क्रीड़ा सभागार में प्राधिकरण के सचिव और सीनियर सिविल जज आलोक राम त्रिपाठी ने कहा कि पैरा लीगल स्वयंसेवक ग्राउंड लेवल पर लोगों को कानूनी जानकारी देने का बेहतर माध्यम है। सरकार की योजनाओं को अपवंचितों तक पहुंचाने में भी उनकी भूमिका महत्वपूर्ण है। कहा कि समय-समय पर उन्हें क्षमता विकास प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

# हवा हो गए विस अध्यक्ष के निर्देश, नासूर बन रहा अतिक्रमण

● कुछ माह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ने दिए थे अतिक्रिमण के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश ● विस अध्यक्ष के निर्देश के बाद भी अतिक्रमण को लेकर लापरवाह बना है निगम व प्रशासन



कोटद्वार नगर निगम के अंतर्गत स्टेशन रोड में सड़क पर सजी दुकानें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कुछ सप्ताह पूर्व विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए उन्हें अतिक्रमण को लेकर सख्ती दिखाने के निर्देश दिए थे। लेकिन, अधिकारियों पर विस अध्यक्ष के निर्देश का कोई भी असर नहीं दिखाई दे रहा। नतीजा अब भी सड़कों पर पूर्व की तरह अतिक्रमण पसरा हुआ है। शहरवासियों के लिए यह अतिक्रमण नासूर बनता जा रहा है। जबकि, पूर्व में कई सामाजिक संगठन लगातार अतिक्रमण हटाने की मांग उठा चुके हैं।

शहर की सड़कों पर पसरा अतिक्रमण शहरवासियों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है। तमाम शिकायतों के बाद भी सरकारी सिस्टम का अतिक्रमण हटाओ अभियान गोखले मार्ग से बाहर नहीं निकल पा रहा है। स्टेशन रोड पर वाहनों का सबसे अधिक दबाव होता है। इसके बाद भी उक्त रोड पर बर्तन व कपड़ा व्यापारियों ने आधी दुकान पर कब्जा जमाया हुआ है। यही स्थिति देवी रोड में भी देखने को मिल रही है। जहां राहगीरों के पैदल चलने तक का रास्ता नजर नहीं आ रहा।

रही-सही कसर रेहड़ी-ठेली वालों ने पूरी कर दी है। नजीबाबाद रोड, पटेल मार्ग, बदरीनाथ मार्ग सहित अन्य मुख्य मार्गों पर हालात प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। जबकि, शहरवासी भी लगातार अतिक्रमण को लेकर आवाज उठा रहे हैं। नागरिक मंच सहित अन्य संगठन इसको लेकर आंदोलन भी कर चुके हैं।

### सड़क पर संचालित हो रहे गैराज

कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत 70 से अधिक गैराज संचालित हो रहे हैं। इनमें से अधिकांश गैराज राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य मुख्य मार्गों पर ही संचालित हो रहे हैं। सड़क पर मरम्मत के लिए खड़े वाहनों के कारण शहर की यातायात व्यवस्था भी बेपटरी होती जा रही है। अव्यवस्था के कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रहती है।

# डीएलएड प्रवेश परीक्षा से अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष हटाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** बीएड प्रशिक्षित युवा संघ की एक बैठक का आयोजन सिद्धबली धाम स्थित पार्क में किया गया जिसमें वक्ताओं ने उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर द्वारा डीएलएड प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिये अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष किये जाने का पुरजोर विरोध किया गया संघ प्रवक्ता अरविन्द दुदपुड़ी ने कहा कि एनसीटीई ठउळए विनिमय 2014 में डीएलएड के लिये ऊपरी आयु सीमा का कोई प्रविधान नही है लेकिन बोर्ड द्वारा अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष की गयी है जो पूरी तरह से अबैध है उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में सरकारी नोकरी पाने की अधिकतम आयु सीमा 42 वर्ष निर्धारित है ऐंसे में डीएलएड प्रवेश परीक्षा के लिए 30 वर्ष करना कहाँ का न्याय है कुछ अभ्यार्थी माननीय उच्च न्यायालय की शरण मे गये थे उन्हें माननीय उच्च न्यायलय द्वारा राहत मिली है लेकिन अधिकतम अभ्यर्थी डीएलएड प्रवेश परीक्षा का फार्म नही भर पा रहे हैं उन्होंने इस मुद्दे पर शासन से मांग की है कि डीएलएड प्रवेश परीक्षा 30 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा को समाप्त कर सभी अभ्यर्थियों के लिये डीएलएड प्रवेश परीक्षा के दरवाजे खोलें जाय। बैठक में अजय खंतवाल अनिल रतूडी प्रदीप नेगी ममता असवाल नवीन गोड़ दीपक डोबरियाल शिखा चौधरी यजुवेंद्र सिहं रावत आशीष डोभाल नीरज खत्री सुशील बिष्ट रणवीर सिहं आदि प्रशिक्षित मौजूद रहे।

## व्यवसायिक रूप से संचालित किए जा रहे हैं निजी वाहन

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** पर्वतीय टैक्सी, मैक्सी महासंघ ने निजी वाहनों को व्यवसायिक रूप से चलाए जाने पर रोष व्यक्त किया है। कहा कि कई बार शिकायत के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। नतीजा व्यवसायिक वाहनों के समक्ष आर्थिक संकट खड़ा होता जा रहा है। कहा कि ब्ला-ब्ला एप से सबसे अधिक सवारियां बैठाई जा रही है। ऐसे में इस एप के संचालन को रोका जाना चाहिए। समस्या को लेकर महासंघ के सदस्यों ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। महासंघ के अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह रावत ने कहा कि ब्ला-ब्ला एप के माध्यम से निजी वाहन सवारियां भरकर ले जा रहे है। जिससे परिवहन व्यवसाय के लिए अधिकृत वाहन स्वामी खाली बैठे हुए है। जिससे वाहन स्वामी हताश व निराश है। कहा कि चारधाम यात्रा पर भी दूसरे प्रदेशों व निजी वाहन स्वामियों का कब्जा हो गया है। कहा कि कई बेरोजगार युवकों ने बैंकों से ऋण लेकर वाहन खरीदे है, लेकिन निजी वाहनों के कारण उनका व्यवसाय चौपट होता जा रहा है, जिससे वे बैंक का ऋण भी नहीं चुका पा रहे हैं। उन्होंने इस एप के संचालन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

### पुरानी पेंशन बहाली को एक मंच पर आना होगा

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिव सिंह नेगी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पुरानी पेंशन को दोबारा लागू करने के लिए सभी को एक मंच पर आना होगा। कहा कि एकजुट होकर ही पुरानी पेंशन बहाली जैसे बड़े उद्देश्य को प्राप्त किया जा सकता है। नेगी ने कहा कि यह लाखों लाख कार्मिकों का संघर्ष का प्रतिफल था की सरकार को मानना पड़ा कि एनपीएस से कार्मिकों के आर्थिक हित सुरक्षित नहीं हैं और मजबूर होकर सरकार न यूपीएस को लागू करने का निर्णय किया।

### भवन स्वामी किराएदार का अवश्य करवाएं सत्यापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : रिखणीखाल क्षेत्र में बिना सत्यापन कमरा किराए पर देने वाले भवन स्वामियों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इस दौरान ग्रामीणों को किराया कमरे पर देते समय सत्यापन अवश्य करवाने की अपील की गई।

रिखणीखाल थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल ने बताया कि वर्तमान में लगातार सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए बकायदा पुलिस की विशेष टीम भी गठित की गई है। अभियान के दौरान टीम को धयड़ गांव निवासी ठाकुर सिंह के घर में पांच कश्मीरी मजदूरों को किराएदार के रूप में देखा गया। पूछताछ में पता चला कि मजदूरों का सत्यापन नहीं करवाया गया है। जिसके बाद पुलिस ने भवन स्वामी के खिलाफ चालान की कार्रवाई की है। बताया कि अभियान के दौरान अन्य ग्रामीणों को भी सत्यापन के प्रति जागरूक किया गया।

# छह दिसंबर से होगा श्री सिद्धबली वार्षिक अनुष्ठान

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** श्री सिद्धबली मंदिर समिति की ओर से श्री सिद्धबली वार्षिक अनुष्ठान का आयोजन छह दिसंबर से किया जाएगा। तीन दिवसीय मेले को सफल बनाने के लिए समितियों का गठन भी किया गया है।

इस अवसर पर मंदिर समिति अध्यक्ष डा. जेपी ध्यानी ने कहा कि इस वर्ष भी अनुष्ठान महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा। अनुष्ठान के प्रथम दिवस पर नगर में श्री सिद्धबली बाबा की भव्य शोभा यात्रा निकाली जायेगी। प्रत्येक दिन एकादश कुंडीय यज्ञ के साथ ही अन्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान प्रीतम भरतवाण गढ़वाली व प्रमोद त्रिपाठी हिंदी भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। तत्पश्चात समितियों का गठन करते हुए अनीत चावला को मेलाध्यक्ष, सुमन कोटनाला को मेला संयोजक, विक्की गोयल व लाजपत राय भाटिया को उपाध्यक्ष, विवेक अग्रवाल को महामंत्री, राजेश रावत को मेला सहसंयोजक, उमेश त्रिपाठी को कोषाध्यक्ष, अनिल कंसल, जीत सिंह पटवाल व शैलेंद्र बिष्ट को संरक्षक, पूरण चंद पुरी व प्रमोद रावत को शोभा यात्रा समिति अध्यक्ष, विनोद सिंघल को वित्त समिति अध्यक्ष, मनोहर लाल भंडारी को स्वागत समिति अध्यक्ष, आलोक माहेश्वरी व सुनील बहुगुणा को प्रचार समिति अध्यक्ष, रवींद्र नेगी को मंच समिति अध्यक्ष, संदीप चौधरी व विजयानंद पोखरियाल को सुरक्षा समिति अध्यक्ष और चंद्रमोहन बलूनी को शोभा यात्रा समापन समिति का अध्यक्ष चुना गया।



कोटद्वार में स्थित श्री सिद्धबली मंदिर

# मालन नदी में चुगान पर प्रतिबंध लगाने का विरोध



कोटद्वार तहसील में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते ट्रैक्टर स्वामी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालकों ने मालन नदी में चुगान पर प्रतिबंध लगाने का विरोध किया है। कहा कि चुगान पर प्रतिबंध लगने से जहां सरकार को आर्थिक नुकसान हो रहा है। वहीं, ट्रैक्टर-ट्रॉली संचालकों के समक्ष भी परेशानियां खड़ी हो रही हैं। शासन-प्रशासन को जल्द ही चुगान की अनुमति देनी चाहिए।

समस्या के संबंध में संचालकों ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी उमेश पांथरी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ट्रैक्टर स्वामी राजेंद्र सिंह रावत, विक्रम सिंह, अनिल कुमार ने कहा कि वर्तमान में मालन नदी पर चुगान पूरी तरह से बंद है, जिससे राज्य सरकार को राजस्व का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। कहा कि चुगान बंद हो जाने से स्थानीय ट्रैक्टर स्वामियों का भी रोजगार ठप हो रखा है। विकास कार्यों के लिए भी दूसरे प्रदेशों से निर्माण सामग्री मंगाई जा रही है। जिससे स्थानीय लोगों को भी अपने भवन निर्माण के लिए मंहगें दामों पर रेत, बजरी खरीदनी पड़ रही है। जिससे क्षेत्र की जनता को आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने जनहित में मालन नदी में चुगान के लिए खोले जाने के लिए संबधित विभाग को निर्देशित करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में वीरेंद्र प्रसाद, सर्वेश कुमार बंटी कुमार, कुलवीर सिंह, विजय धनगर, मोती राम शामिल रहे।

### निगम ने डेंगू से बचाव को चलाया अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर आयुक्त वैभव गुप्ता के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने डेंगू सीजन में जनजागरूकता के लिए काशीरामपुर, गाड़ीघाट और लकड़ी पड़ाव क्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों को डेंगू से निपटने और उसकी रोकथाम की जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि बरसात का पानी जमा न हो, घरों के कूलर, गमले में पानी जमा न होने दें और पानी की टंकी को ढककर रखें। जिससे डेंगू का लार्वा न पनपे।

इस मौके पर टीम ने विभिन्न गलियों में स्प्रे मशीन से एंटी लार्वा का छिड़काव भी कराया। निरीक्षण के दौरान 18 स्थानों पर गमलों में जमा पानी में डेंगू का लार्वा पाया गया। जिस पर संबंधित लोगों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही लार्वा नष्ट किया गया। नगर आयुक्त ने लोगों से अपने आसपास सफाई रखने की अपील की। इस दौरान सहायक नगर आयुक्त चंद्रशेखर शर्मा, सफाई निरीक्षक सुनील कुमार, पर्यावरण पर्यवेक्षक महेंद्र, विनोद आदि मौजूद रहे।

## मांगों को लेकर ठेकेदारों ने निकाली महारैली, सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : सोमवार को पौड़ी में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ठेकेदारों ने महारैली निकाली। इस दौरान ठेकेदारों ने सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। ठेकेदारों ने मांगों को लेकर ज्ञापन डीएम के माध्यम से सीएम को भेजा। संघ के जिलाध्यक्ष संतन सिंह नेगी ने कहा कि ठेकेदारों लंबे समय से मांगों को लेकर आंदोलनतर हैं, लेकिन उनकी मांगों को लेकर अभी तक कोई कदम नहीं उठाया गया है। सरकार से मांग की जा रही है उनकी मांगों पर समुचित कदम उठाया जाए।

अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को जिला ठेकेदार संघ पौड़ी के बैनर तले जिले भर के ठेकेदारों ने पौड़ी में जोरदार प्रदर्शन किया। ठेकेदार प्रदेश भर में बड़ी निविदाओं के स्थान पर छोटी निविदाएं लगाने, रॉयल्टी दो बार नहीं लिए जाने, आपदा के कामों में चल रही जेसीबी, लेबर को बीमा की सुविधा देने, पंजीकरण को पूर्व की भांति सरल किए जाने, 5 करोड़ तक के कामों को सिंगल विंडो के जरिए करने और प्रदेश के मूल निवासियों को वरियता देने जैसी मांगों को लेकर आंदोलनरत है। इन मांगों को लेकर ठेकेदारों ने सभी विभागों में इन दिनों निविदाओं का बहिष्कार भी किया हुआ है। सोमवार को ठेकेदारों की महारैली प्रांतीय खंड से होते हुए एजेंसी चौक, बस स्टेशन होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां ठेकेदार संघ ने उक्त मांगों से संबंधित ज्ञापन डीएम के माध्यम से सीएम को भेजा। प्रदर्शन करने वालों में प्रदेश महामंत्री देंवद्र पाल, जिला सचिव प्रदीप असवाल, उपाध्यक्ष उपेंद्र भट्ट, शैलेंद्र नौटियाल, प्रदीप नेगी, आनंद सिंह, धर्मेंद्र रावत, बृजपाल सिंह, विनोद डबराल, आलोक नैथानी, सुबोध नौटियाल, राजेंद्र डुकलान आदि शामिल रहे।

## शहर में बिगड़ रही व्यवस्थाओं पर पूर्व सैनिक लीग ने जताई नाराजगी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** अतिक्रमण सहित अन्य अव्यवस्थाओं पर गढ़वाल पूर्व सैनिक लीग ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए संगठन कई बार शासन-प्रशासन को अवगत करवा चुका है। लेकिन, अब तक इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया। लीग के अध्यक्ष बुद्धि बल्लभ ध्यानी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि कोटद्वार शहर में लगातार आवारा गोवंशों की संख्या बढ़ती जा रही है। सड़क पर घूम रहे गोवंश स्वयं के साथ ही राहगिरों के लिए भी खतरा बने हुए हैं। पूर्व में कई बार यह गोवंश राह चलते लोगों पर हमले भी कर चुके हैं। बावजूद इसके नगर निगम व प्रशासन इसके संरक्षण को लेकर लापरवाह बना हुआ है। वहीं, शहर की सड़कों पर अतिक्रमण भी नासूर बनता जा रहा है। अतिक्रमण के कारण आमजन का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल होता जा रहा है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर केवल खानापूर्ति ही की जा रही है। पूर्व सैनिकों ने शहर में लगातार बिगड़ रही सफाई व्यवस्था पर भी नाराजगी व्यक्त की। कहा कि शहर के मुख्य चौराहों पर कहीं भी कूड़ेदान नहीं लगाए गए हैं। जिससे अधिकांश लोग अपने घरों का कूड़ा सड़क पर ही डाल देते हैं।

# राआइंकॉ सतपुली में छात्र संसद का गठन, आशीष बनें प्रधानमंत्री



**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली :** राजकीय आदर्श इंटर कॉलेज सतपुली में छात्र संसद का गठन किया गया। छात्र-छात्राओं को लोकतांत्रिक मूल्यों तथा संसदीय प्रक्रिया को जानने, समझने और विकसित करने की दिशा में यह एक अनूठी पहल थी। विद्यालय में स्वतंत्र पार्टी (श्रीदेव सुमन सदन) को चुनाव चिन्ह स्कूल बैग, समता पार्टी (तीलू रौतेली सदन) को चुनाव चिन्ह पुस्तक तथा न्याय पार्टी (वीर चंद्र सिंह गढ़वाली सदन) को चुनाव चिन्ह पेन दिया गया। समस्त विद्यालय को 6 लोकसभा क्षेत्रों में बांटा गया था, जिनसे 15 सांसदों का निर्वाचन किया गया। विद्यालय में शुक्रवार से आदर्श आचार संहिता का पालन किया गया। नवनिर्वाचित सांसदों ने आशीष को अपना नेता चुनकर प्रधानमंत्री के रूप में चुना। प्रधानमंत्री की सलाह पर आरती को उप प्रधानमंत्री एवं खेल, निकिता को शिक्षा, आरूष को पर्यावरण, ख़ुशी को स्वास्थ्य तथा ख़ुशी रावत को कला एवं संस्कृति मंत्री के रूप में जिम्मेदारी दी गई। प्रधानमंत्री, नवनिर्वाचित मंत्रियों एवं सांसदों को चुनाव संयोजक दयाकिशोर बिंजोला, प्रवक्ता राजनीति विज्ञान द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी। विद्यालय के प्रधानाचार्य जगत राम लखेड़ा ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण मतदान, मतगणना संपन्न कराने में सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

### आप ने शहर की समस्याओं के निराकरण की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।** पौड़ी : आम आदमी पार्टी ने सोमवार को डीएम को ज्ञापन देकर शहर की समस्याएं हल करने की मांग की। आम आदमी पार्टी ने डीएम को ज्ञापन सौंपा है। पार्टी के पदाधिकारियों ने कहा कि वह काफी समय से शहर की समस्याओं के निराकरण की मांग कर रहे है। लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कहा कि शहर में समस्याएं व्याप्त होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री गणेश भट्ट, सौकार सिंह नेगी, विजय मोहन रावत आदि ने कहा कि शहर में लावारिस पशुओं के आतंक से शहरवासी परेशान हैं। लावारिस पशु आए दिन लोगों पर हमला कर उन्हें घायल कर रहे हैं। लावारिस पुशओं से शहर में यातायात व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। कहा कि पौड़ी नगर क्षेत्र में विकास कार्यों में राज्य से बाहर के ठेकेदारों को काम दिया जा रहा है। पार्टी ने डीएम को ज्ञापन देकर शहर में लावारिस पशुओं के आतंक से निजात दिलाने, शहर में पेयजल व्यवस्था सुचारु करने, पौड़ी में स्थानीय ठेकेदारों को ही टेंडर दिए जाने की मांग उठाई है। इस मौके पर विजय बहुगुणा, राजेंद्र सिंह, त्रिलोक सिंह रावत, जगमोहन नौटियाल आदि शामिल रहे।


## कार्यालय- ग्रा. प्रधान/ग्रा.प्र.वि अधि. कोकली विकासखण्ड-थलीसैंण, पौड़ी गढ़वाल

पत्रांक : मैमो/सात-2/ लेखा/ राज्य सैक्टर/2023-24 दिनांक :- 23/09/2024

### अल्पकालिक निविदा/कोटेशन सूचना

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड सरकार की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य हेतु शील्ड निविदायें आमंत्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र दि. 23/09/2024 से 27/09/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में 10:00 बजे पूर्वाहन से 4:00 बजे सायं तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते है, तथा दिनांक 01.10.2024 को अपराहन 2:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में निविदा बॉक्स में निविदा डाली जा सकती है, निविदा प्रपत्रों को दि. 01.10.2024 में अपराहन 2:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ग्राम प्रधान/ग्रा.प.वि.अधि. कोकली के कार्यालय में निविदा खोलने हेतु गठित समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रू.) में | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.) में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता | ठेकेदार की पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम सभा कोकली में राज्य सेक्टर के अन्तर्गत पंचायत भवन निर्माण कार्य | 20000.00 | 1200/-+18% GST अतिरिक्त | 06 माह | 15 दिन | डी एवं उच्चतर |

1. निविदा प्रपत्र के साथ वांछित धरोहर राशि एन.एस.सी./बैंक एफ.डी.आर./पोस्ट आफिस पास बुक के रूप में जो के ग्रा.प. कोकली के पदनाम बन्धक हो ही मान्य होगी। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100.00 (एक सौ रू.) का स्टाम्प पेपर एवं रू. 1.00 का हस्ताक्षर युक्त रसीद टिकट हो, वैधता की शर्तों के लाना अनिवार्य है इसके बिना निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 3. निविदा की शर्त जी.पी.डब्ल्यू-8, जी.पी.डब्ल्यू-9, निविदा प्रपत्र 69/70 के अनुसार होगी, एवं निविदा की अन्य शर्तें/नियम निविदा प्रपत्र प्राप्त कर देखी जा सकती है। 4. किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

नोटः- निविदा प्रपत्र क्रय करते समय ठेकेदारों को पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ेगा।

**ग्राम पंचायत विकास कोकली**
**विकासखण्ड थलीसैंण**
**(पौड़ी गढ़वाल)**

## एक नजर

### गुलदार के आतंक से ग्रामीण परेशान

चमोली : नारायणबगड़ प्रखंड के नजदीकी ग्राम पंचायत बेडुला, लेगुना में इन दिनों गुलदार के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। जहां शाम होते ही गुलदार गांव के नजदीक दिख रहा है। रविवार शाम को गुलदार के द्वारा गोपाल सिंह के बैल को निवाला बना दिया है। गोपाल सिंह का बैल दिन में पानी पीने के लिए गधेरे के समीप गया था वहीं घात लगाकर बैठे गुलजार ने बैल पर हमला कर मार दिया है। मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने बताया कि पशुपालक के लिए मानकों के अनुसार मुआवजा दिया जाएगा। पूर्व में भी गुलदार के द्वारा लेगुना गांव में कई मवेशियों को निवाला बनाया था। (एजेंसी)

### मनमोहन परसारा बनें गंगा टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष

चमोली : मनमोहन परसारा रामगंगा टैक्सी यूनियन गैरसैंण के अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। वही सचिव पद पर संदीप बरमोला और कोषाध्यक्ष पद पर गबर सिंह पुण्डीर भी निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। जबकि उपाध्यक्ष पद पर हुए चुनाव में आनंद सिंह ने विरेन्द्र सिंह को मात दी। आनंद को 53 तथा विरेन्द्र को मात्र 26 मतों से संतोष करना पड़ा। चुनाव अधिकारी शिव सिंह, हीरा सिंह, गबर सिंह और भवान सिंह ने चुनाव में परिणामों की घोषणा की। इस अवसर पर दिनेश, चंद्र सिंह, भरत सिंह, अवतार सिंह, विनोद सिंह, राकेश सिंह, ज्ञान सिंह, विरेन्द्र सिंह मोहन सिंह आदि टैक्सी चालक मौजूद रहे। 250 से अधिक टैक्सी चालकों में से मात्र 81 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। विजयी पदाधिकारियों ने गैरसैंण से मेहलचौंरी तक विजय जलूस निकाला। (एजेंसी)

### छात्रों ने सुरकंडा मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान

नई टिहरी : राजकीय इंटर कॉलेज छापराधार के छात्र-छात्राओं ने सिद्धपीठ श्री सुरकंडा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। उन्होंने जगह-जगह बिखरे कूड़े को उठाकर दूर खाली जगह पर एकत्र किया। उन्होंने यात्रियों से स्वच्छता की अपील की। चंबा के राजकीय इंटर कॉलेज छापराधार के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के तहत प्रधानाचार्य गबर सिंह चौहान के नेतृत्व में श्री सुरकंडा मंदिर पहुंचकर सफाई अभियान चलाया। छात्र-छात्राओं ने मंदिर पहुंचकर मां के दर्शन कर सफाई अभियान में जुट गए। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष जितेंद्र नेगी, राम कृष्ण डबराल, पप्पू राम लेखवार, अरविंद कौशल, विपुल श्रीवास्तव, संजय मस्तवाल, प्रीति रानी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

### छात्र-छात्राओं को दी साइबर अपराध की जानकारी

नई टिहरी : घनसाली थाना पुलिस की ओर से क्षेत्र के विभिन्न राजकीय इंटर कॉलेजों में महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध, नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, यातायात नियमों के संबंध में एवं गौरा शक्ति एप के संबंध में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष संजीव थपलियाल ने बताया कि सोमवार को महिला हेल्पलाइन प्रभारी द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज घूमेटी धार व राजकीय इंटर कॉलेज चमियाला मे जन जागरुकता कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों को साइबर अपराध, महिला संबंधी अपराध, नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव व यातायात नियमों के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करने व महिला अपराध के लिए 1090 व बालकों के साथ अपराध के लिए 1098 व 112 पर शिकायत किए जाने की जानकारी देते हुए गौरा शक्ति एप्प के संबंध में भी जानकारी दी गई। (एजेंसी)

### चोरी कर रहे दो लोगों को पुलिस ने दबोचा

नई टिहरी : खमोली के ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की मदद से रविवार रात को चोरी कर सामान को एक वाहन में ले जा रहे दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किए जाने की तैयारी की जा रही है।

एसएचओ थाना छाम सुखपाल सिंह ने बताया कि थाना छाम पुलिस के खमोली के ग्राम प्रधान ओमप्रकाश की सूचना पर स्थानीय ग्रामीण में सूर्य प्रकाश, विकास डोभाल, लाखीराम उनियाल, प्रांशुल और गिरीश प्रसाद की मदद से ग्राम खमोली व शिवम होटल के पास कोटीसेरा से चोरी किए गए सामान के साथ दो लोगों को पकड़ा है। आरोपियों के कब्जे से 28 लोहे के एंगल, 3 अदद प्लास्टिक के ड्रम, 1 लकड़ी का तख्त, 1 लोहे का 20 फिट लम्बा 2 इंच का मोटा पाईप, 1 प्लास्टिक का पाईप पानी वाला व 2 लकडी की बल्लियां बरामद की है।

# प्लास्टिक उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने को चलाएं अभियान : डीएम



चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को जिला गंगा संरक्षण समिति की मासिक बैठक ली। जिसमें गंगा की सहायक नदियों के संरक्षण एवं प्रदूषण रहित बनाए जाने को लेकर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। उन्होंने कर्णप्रयाग में निर्माणाधीन 3 एसटीपी का एसडीएम, जल संस्थान, जल निगम व खनन अधिकारी को संयुक्त निरीक्षण करने एवं सारी कमियों का निराकरण करते हुए अक्टूबर प्रथम सप्ताह तक जल संस्थान को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। सभी ईओ को शत प्रतिशत डोर टू कूड़ा कलेक्शन करने व सूखे एवं गीले कूडे को अलग अलग निस्तारण करने के साथ ही कितना गीला कूड़ा एकत्र किया जा रहा और कितने का निस्तारण किया जा चुका है उसकी रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए। प्लास्टिक उपयोग पर प्रभावी रोक लगाने के लिए सभी ईओ नियमित चेकिंग करने के निर्देश दिए। डीपीओ नमामि गंगे गोविन्द बुटोला ने बताया कि जनपद में 16 एसटीपी का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिसमें से 12 एसटीपी जल संस्थान को हैंडओवर किए गए है। इन एसटीपी में 28 नालों को जोड़ा गया है। नगर निकायों में सोर्स सेग्रीगेशन, डोर टू डोर कूडा कलेक्शन, नालियों की नियमित सफाई तथा कूडे से खाद बनाने का काम किया जा रहा है। बैठक में सीडीओ नन्दन कुमार, डीएफओ सर्वेश दूबे, पीडी आनन्द सिंह, जल संस्थान के अधी अभियंता एसके श्रीवास्तव, ईओ गोपेश्वर पीएस नेगी सहित वर्चुअल माध्यम से सभी संबंधित अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी मौजूद थे। (एजेंसी)

### रूस के सदर्न फेडरल विश्वविद्यालय के साथ किया एमओयू

नई टिहरी : श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय ने एक अहम एमओयू रूस के एक विश्वविद्यालय के साथ किया है। यह एमओयू सदर्न फेडरल विश्वविद्यालय के साथ किया गया है। इस एमओयू से दोनों विवि के बीच अनुसंधान, शिक्षा और उद्यमशीलता में वैश्विकस्तर पर बढ़ोत्तरी होगी, साथ ही जलवायु परिवर्तन, सतत शहरीकरण, नवीकरणीय ऊर्जा, बौद्धिक संपदा अधिकार और उद्यमशीलता जैसे क्षेत्रों में सहयोग को सक्षम करेगा। श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एनके जोशी ने बताया कि यह समझौता ज्ञापन हमारी शैक्षिक अनुभवों को समृद्ध करने और एक सहयोगात्मक अनुसंधान वातावरण को बढ़ावा देने की क्षमता को काफी हद तक बढ़ाएगा। इस अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में एक नई शुरुआत होगी, जो छात्रों और संकाय के लिए लाभकारी होगा।

# नगर क्षेत्र में बढ़ते नशे के कारोबार पर रोक लगाने की उठाई मांग

नई टिहरी : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से जनता मिलन कार्यक्रम में लोगों ने नई टिहरी शहर में स्मैक से लेकर अन्य नशे के कारोबार पर रोक लगाने की मांग की गई। बताया कि नगर में लगातार नशे का कारोबार बढ़ रहा है। जिसके के चपेट में युवा आ रहे हैं।

डीएम ने पुलिस को नशे के कारोबार पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। सोमवार को जनता मिलन कार्यक्रम में लोडसी कुड़िया के विलोगी नामे तोक के ग्रामीणों ने बताया कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना निर्माण के कारण उनके घरों में दरारें पर गई है। जिससे ग्रामीणों को खतरा हो गया है। डीएम ने एसडीएम नरेंद्रनगर को जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा। बांध प्रभावित भल्डगांव के कमलू ने पुनर्वास स्थल पथरी में आवंटित भूखंड सही न होने के फलस्वरूप परिवर्तित करने की मांग की। कांग्रेस एससी विभाग के जिलाध्यक्ष विनोद लाल शाह ने नगर पंचायत घनसाली में सफाई व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट सुचारु करने, सुनारगांव निवासी जसवीर नेगी ने कोठियाड़ा नहर पर किए गए कार्यों का भुगतान करने, भेनगी के भागचंद रमोला ने पेयजल लाइन बिछाने से घर को खतर होने की शिकायत की। म्यूंडा के प्रधान कुशाल सिंह गुनसोला ने म्यूंड मय ललवाली से झील तक रोड का टेंडर लगवाने समेत डीएम मयूर दीक्षित ने 80 शिकायत सुनीं। डीएम ने अधिकांश शिकायतों का निराकरण करते हुए अवशेष का हल भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए।

# प्राइवेट सेक्टर में शीर्ष पदों पर बढ़ाई जाएगी महिलाओं की भागीदारी: मुख्य सचिव

देहरादून। नीति आयोग के सतत विकास (एसडीजी)के लक्ष्य हासिल करने वाले राज्यों की रैंकिंग में मिले पहले स्थान को बरकरार रखने के लिए उत्तराखंड अपने कमजोर पहलुओं को भी मजबूत करेगा। सोमवार को मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में एसडीजी के मानकों की समीक्षा की और विभागों को सुधार के लिए निर्देश दिए। नीति आयोग की एसडीजी की वर्ष 2023 की राष्ट्रीय रैंकिंग में उत्तराखंड और केरल को पहला स्थान मिला है। कुछ सेक्टर में राज्य के प्रदर्शन में सुधार की गुंजाइश बनी हुई है। सरकार प्राइवेट सेक्टर में संस्थानों के प्रबंधन से जुड़े पदों पर महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रयास करेगी। मुख्य सचिव ने इसके लिए श्रम विभाग को नोडल बनाते हुए प्राइवेट सेक्टर में महिलाओं की भागीदारी का सर्वेक्षण और संबंधित रिकार्ड एकत्र करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग को मातृ मृत्यु दर में सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग 104 सेवा के जरिए एएनएम द्वारा गर्भवती महिलाओं की एएनसी (प्रसव पूर्व देखभाल) के लिए की जाने विजिट की ट्रैकिंग करने को कहा है। खासकर हरिद्वार और यूएसनगर में मातृ मृत्यु दर में सुधार के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। प्रदेशभर में गर्भवती महिलाओं की ट्रैकिंग, एएनसी, एनिमिया की स्थिति पर गैर सरकारी स्वास्थ्य संगठनों के साथ कार्य करते हुए जल्द एक एक्शन प्लान बनाने के निर्देश दिए हैं।

### केदारनाथ धाम में नगर पंचायत ने बनाई मानव श्रृंखला

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम में बेहतर स्वच्छता के प्रति यहां आने वाले हर यात्री को जागरूक किया जा रहा है ताकि धाम की पवित्रता और स्वच्छता बनी रहे। सोमवार को नगर पंचायत केदारनाथ ने केदारनाथ मंदिर परिसर में मानव श्रंखला बनाई जिसमें बड़ी संख्या में पर्यावरण मित्र, कर्मचारी, यात्री आदि ने प्रतिभाग किया।

केदारनाथ धाम में नगर पंचायत केदारनाथ द्वारा निरंतर स्वच्छता ही सेवा अभियान में सफाई की जा रही है। जबकि हर व्यक्त को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिलाधिकारी सौरभ गहरवार और उप जिलाधिकारी अनिल कुमार शुक्ला के निर्देशों पर नगर पंचायत केदारनाथ द्वारा धाम में कपाट खुलने से लेकर अब तक नियमित सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत बड़ी मात्रा में कूड़ा भी एकत्र किया गया। (एजेंसी)

# सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा करें : डीएम



चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं सुरक्षित यातायात के लिए सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता पर पूरा किया जाए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सुरक्षित यातायात के लिए संकरे मार्ग, भूस्खलन क्षेत्र एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर क्रैश बैरियर व साइनेज लगाए जाए। सेफ्टी के अन्तर्गत चिन्हित ब्लैक स्पॉटों के अवशेष कार्यों को तत्काल पूरा किया जाए।

उन्होंने एसडीएम, पुलिस एवं परिवहन विभाग को सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों, ओवर स्पीड, ओवरलोडिंग और ड्रंक एंड ड्राइव की रोकथाम के लिए सघन चेकिंग करते हुए चालान की कार्रवाई करने, पीएमजीएवाई को सड़कों पर स्पीड लिमिट के साइनेज लगाने के निर्देश दिये। वहीं एसीएमओ को आईरेड पोर्टल पर सड़क दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों की डीटेल नियमित अपडेट करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि अगस्त माह में 03 सड़क दुर्घटनाएं हुई है। जिसमें 03 लोगों की मृत्यु और 05 लोग घायल हुए है। पुलिस विभाग द्वारा अगस्त में 1358 वाहनों के चालान तथा परिवहन विभाग द्वारा 351 वाहनों के चालान किए गए। बैठक में लोनिवि के अधिशासी अभियंता राजवीर सिंह चौहान, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ज्योति शंकर मिश्र सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। (एजेंसी)

# काश्तकारों की आय मजबूत करने के लिए बनाएं योजनाएं : डीएम



चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने उद्यान व कृषि विभाग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कृषि व उद्यान विभाग के अधिकारियों को काश्तकारों की आय मजबूत करने के लिए योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने मशरुम उत्पादन को बढावा देने के लिये कार्य योजना तैयार करने की बात कही। जिलाधिकारी ने बैठक के दौरान गैरसैंण ब्लॉक को मशरुम रुट के रुप में विकसित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को मशरुम उत्पादन के लिये राजकीय उद्यानों में हट निर्माण, काश्तकार चयन व महिला स्वयं सहायता समूहों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने विभागीय नर्सरी में खाली पड़े हिस्से में कीवी के मदर ब्लॉक स्थापित करने की बात कही। जिससे भविष्य में जनपद के काश्तकारों को नर्सरी से उचित दामों पर कीवी की पौध उपलब्ध करवाई जा सकेगी। उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को जनपद की सभी नर्सरियों की मैपिंग करवाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने काश्तकारों की आय बढाने के लिए जनपद में यूरोपियन वेजिटेबल के उत्पादन की योजना बनाने व काश्तकारों को चयनित करने की बात कही। वहीं उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को काश्तकारों को समुहिक खेती के लिए प्रेरित करने व भूमि चयन कर चैनल फैंसिंग कर पहाड़ी फसलों के उत्पादन को बढाने की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस मौके मुख्य विकास अधिकारी नंदन कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी जेपी तिवारी, भूमि संरक्षण अधिकारी राजेश खेतवाल, ज्येष्ठ उद्यान निरीक्षक बीपी डंगवाल, सहायक उद्यान निरीक्षक रघुवीर सिंह राणा आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष पर्यवेक्षक बालकृष्ण गोयल ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विशेष पर्यवेक्षक बालकृष्ण गोयल ने शिष्टाचार भेंट की। श्री गोयल ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के दिशा–निर्देश उनके द्वारा उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों का भ्रमण कर वृद्धाश्रमों, बाल गृहों, जेल और स्कूलों का संबंधित अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि निरीक्षण के दौरान कई वृद्धाश्रमों का रजिस्ट्रेशन नहीं पाया गया और वे बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित किए जा रहे हैं।

उन्होंने ऐसे स्थानों में व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किए जाने की जरूरत बताई जिससे वहां रह रहे लोगों को असुविधा न हो। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को अपने 6 दिवसीय भ्रमण से संबंधित अन्य विषयों पर भी जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि वृद्धाश्रमों का रजिस्ट्रेशन न किया जाना गंभीर विषय है, इसके लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि वृद्धाश्रमों में बुजुर्गों की देखभाल अच्छे से हो यह सुनिश्चित किया जाएगा। राज्यपाल ने विशेष पर्यवेक्षक से कहा कि अन्य जो भी सुझाव और कमियां इस भ्रमण के दौरान पाई गई उन पर संबंधित विभागों से कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।

उन्होंने कहा कि इन संस्थानों में रह रहे लोग अधिक वंचित और उपेक्षित होते हैं उन्हें सभी मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो यह हम सभी की जिम्मेदारी है।

# भाजपा 25 सितम्बर को चलाएगी सदस्यता महाअभियान

देहरादून। भाजपा अपनी सदस्यता अभियान को 25 सितम्बर को गति प्रदान करने के लिए सदस्यता महाअभियान चलाएगी। इस दिन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के चिंतक और भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जन्मदिवस को धूमधाम से मनाएगी और अपनी सदस्यता संख्या के लक्ष्य के करीब पहुंचने का प्रयास करेगी। भाजपा का सदस्यता अभियान यूं तो दस नवंबर तक चलाया जाना है। लेकिन पार्टी ने इसे अनुशासित रुप से संचालित करने के लिए प्रत्येक विधायक, प्रदेश, मंडल व अन्य स्तरों पर पदाधिकारियों के लक्ष्य तय किए हैं। देहरादून महानगर की पूरी टीम को सदस्य संख्या का लक्ष्य करीब तीन लाख दिया गया है। जिसमें महानगर इकाई अभी तक एक लाख सदस्य बना चुकी है। भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने बताया कि महाअभियान के दिन तक सदस्य संख्या दो लाख सदस्यों तक पहुंचने की कोशिश रहेगी, ताकि नवंबर माह तक काम करने के लिए पूरा समय मिल सके। इस बीच सुस्ती से काम कर रहे पदाधिकारियों को भी सक्रिय करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस समय नए पुराने सदस्यों को पार्टी का सदस्य बनाने के लिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में जो उत्साह है वह अभूतपूर्व है।

### कार की टक्कर में छात्र-छात्रा घायल

नई टिहरी : देवप्रयाग बस स्टेशन पर बाइक से कॉलेज जा रहे छात्र-छात्रा को कार ने जबरदस्त टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। छात्रा की स्थिति गम्भीर होने पर उसे जौलीग्रांट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं घटना के बाद श्रीनगर की ओर से फरार हुए कार चालक को पुलिस ने बागवान में पकड़ लिया। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि सोमवार सुबह करीब आठ बजे बस स्टेशन, देवप्रयाग पर तेज रफ्तार कार ने बाइक से जा रहे जीआईसी देवप्रयाग के एक छात्र और छात्रा को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से बारहवी के छात्र 18 वर्षीय विशाल सिंह पुत्र जगवीर सिंह टुंगरियाल कांडा और 11 वीं कक्षा की छात्रा 17 वर्षीय आशिता पुत्री बलवंत सिंह बिष्ट मुनेठ, देवप्रयाग घायल हो गए।

# कलेक्ट्रेट से बस स्टेशन तक निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली



चमोली : स्वच्छता ही सेवा अभियान की 10वीं वर्षगांठ पर नगर पालिका गोपेश्वर द्वारा 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता थीम पर स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को कलेक्ट्रेट से बस स्टेशन तक स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नन्दन कुमार द्वारा सभी नगर वासियों, छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। कहा कि सभी लोगों को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता का विशेष ध्यान देना चाहिए। जब हम खुद स्वच्छ रहेंगे तभी हम अपने आस पास स्वच्छ रख सकते हैं। गोपेश्वर बस स्टैंड पर आयोजित कार्यक्रम में स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता थीम पर नुक्कड़ नाटक, स्वच्छता गीत, कविता तथा झुमैलो नृत्य किया गया। इस दौरान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पुनीत कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी धर्म सिंह, पीडी आनन्द सिंह, ईओ प्रीतम सिंह तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान सहित स्थानीय जनता व कर्मचारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

# जन संवाद कार्यक्रम में 36 शिकायतें दर्ज, 19 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण



**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग** : जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जनसंवाद/जनता मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 36 शिकायतें दर्ज की गई। इनमें 19 शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष शिकायतों का निस्तारण करने के लिए संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया।

सोमवार को आयोजित जनता मिलन कार्यक्रम में कान्दी निवासी बलवीर लाल ने बीते माह केदारानाथ में अतिवृष्टि के चलते उनकी दुकान बह जाने एवं बेटे के पैर में चोट लगने की जानकारी देते हुए मुआवजे की मांग की। ग्राम पंचायत डुंगर प्रधान महिपाल सिंह ने बताया कि उनकी ग्राम सभा के पंचायत भवन एवं प्राथमिक विद्यालय की स्थिति जीर्ण शीर्ण हो गई है। पंचायत भवन में लगातार शादी सहित अन्य सामुदायिक कार्यक्रम होते हैं जबकि स्कूल में भी नियमित पढ़ाई हो रही है। ऐसे में अनहोनी का डर हमेशा बना हुआ रहता है। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय में एक अध्यापक की नियुक्ति करने की मांग भी की। ग्राम प्रधान डुंगर ने ग्राम भटवाड़ी में सड़क स्वीकृति एवं सर्वे के बाद अब तक सड़क निर्माण के लिए कोई कार्रवाई शुरु नहीं होने की शिकायत भी की। धनकुराली निवासी रघुबीर सिंह राणा ने ममणी उरोली धनकुराली मार्ग तीन महीने से बंद पड़े होने की शिकायत करते हुए बताया कि इससे हजारों लोगों के दैनिक एवं शासकीय कार्य बाधित हो रहे हैं। मरोड़ा निवासी पुष्पा देवी एवं सतेश्वरी देवी ने रेलवे द्वारा उनके मकानों का किराया लंबे समय से न दिए जाने की शिकातय की। ग्राम प्रधान बुरुवा सरोज देवी ने जिला योजना से बुरुवा गांव से ग्राम माल्दी तक स्वीकृत मोटर मार्ग का कार्य शुरू नहीं होने की शिकायत की। मदोला निवासी नीरज नेगी ने बताया कि दश्ज्यूला कांडई के लिए पीएमजीएसवाई द्वारा किए जा रही सड़क सुधारीकरण कार्य के दौरान ग्राम सभा की पेयजल लाईन क्षतिग्रस्त हो गई है। जिलाधिकारी ने सड़क से जुड़े विभाग एवं अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सड़क निर्माण कार्य से जो भी सरकारी संपत्ति क्षतिग्रस्त होती है उनको प्लान एवं सर्वे में शामिल करते हुए क्षतिग्रस्त योजनाओं का भी सुधारीकरण किया जाए। उन्होंने मुख्य शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि जनपद के स्कूलों के जो भी भवन क्षतिग्रस्त हैं एवं मरम्मत कार्य किया जाना है ऐसे भवनों की सूची और प्रस्ताव तीन दिनों के भीतर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को क्षतिग्रस्त पंचायत भवनों की सूची और प्रस्ताव तीन दिनों के भीतर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। वहीं जिलाधिकारी ने जिन समस्याओं पर स्थलीय निरीक्षण एवं मौका मुआयना किया जाना है, संबंधित क्षेत्र के उप जिलाधिकारी के साथ संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर वस्तुस्थिति एवं की जाने वाली कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए।

### मुफ्त सिलेंडर योजना का बजट जारी न होने पर मंत्री नाराज

देहरादून। अंत्योदय परिवारों को मुफ्त गैस सिलेंडर योजना का बजट जारी न होने पर खाद्य मंत्री रेखा आर्या ने कड़ी नाराजगी जताई। सोमवार को विधानसभा स्थित सभागार में विभागीय योजनाओं की समीक्षा करते हुए आर्या ने अधिकारियों को तत्काल इस बाबत प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए। रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं की राशन किट का प्रस्ताव तैयार करने को भी कहा है। यह किट उपभोक्ताओं को रियायती मूल्य पर उपलब्ध कराने की योजना है। बैठक के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत में आर्या ने कहा कि राज्य में 1.84 लाख परिवार को साल में तीन–तीन गैस सिलेंडर मुफ्त दिए जाते हैं। इस अब तक इसका बजट जारी नहीं हो पाया है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com